दैनिक हिन्दी अख़बार


# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 305 जयपुर, शनिवार, 14 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, कृष्ण पक्ष- अमावस्या, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### इजराइल से दूसरे जत्थे में आएंगे करीब 300 भारतीय



**यरूशलम।** इजराइल-हमास संघर्ष के बीच 212 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने के बाद, करीब 300 भारतीय नागरिकों के दूसरे जत्थे के शुक्रवार शाम को उड़ान भरने की सूचना है। भारत ने सात अक्टूबर को गाजा से हमास के उग्रवादियों द्वारा इजराइल के शहरों पर किए गए हमलों के बाद घर लौटने के इच्छुक लोगों की वापसी के लिए गुरुवार को 'ऑपरेशन अजय' शुरू किया। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'दूतावास ने आज विशेष उड़ान के लिए पंजीकृत भारतीयों को ईमेल किया है। पंजीकृत लोगों को बाद की उड़ानों के लिए संदेश भेजे जाएंगे।' ■ पेज 8 भी देखें

### बॉर्डर पर ड्रोन से आई 12 करोड़ की हेरोइन पकड़ी



**जयपुर।** श्रीगंगानगर की भारत-पाक सीमा पर एक पाकिस्तानी ड्रोन में एक पैकेट में करीब 12 करोड़ कीमत की 2.2 किलो हेरोइन बरामद हुई। जानकारी के अनुसार बीएसएफ को श्रीगंगानगर के श्रीकरणपुर सेक्टर में गुरुवार रात एक ड्रोन की आवाज सुनाई दी। इस पर जवानों ने आवाज की दिशा में फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें ड्रोन डैमेज होकर नीचे गिर गया। इस ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच एजेंसी को सुपुर्द कर दिया गया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**कांग्रेस में टिकट पर मंथन:** पीईसी की बैठक में हुए प्रत्याशियों के पैनल पर चर्चा, नवरात्रा में होगा ऐलान

# जो जिताऊ होगा... वही प्रत्याशी, किसी भी गुट का हो: CM

### आज स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में रखे जाएंगे नाम, सीईसी की बैठक में लगेगी पहली सूची पर मुहर

**बेधड़क | जयपुर**

आसन्न विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची नवरात्र में जारी होगी। इसको लेकर कांग्रेस में लगातार मंथन जारी है। शुक्रवार को जयपुर स्थित वॉर रूम में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में पीईसी के सदस्यों ने प्रत्याशियों के संभावित नामों पर चर्चा की। अब शनिवार को दोपहर 2.30 बजे दिल्ली में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा होगी, फिर केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के बाद पहली सूची जारी की जाएगी। दिल्ली में कांग्रेस वॉर रूम शनिवार को हो रही बैठक में सीएम अशोक गहलोत, सचिन पायलट, गौरव गोगोई, सीपी जोशी, प्रभारी रंधावा, मेम्बर अभिषेक दत्त, गणेश गोडियाल सहित प्रमुख नेता शामिल होंगे। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में हमारा पैनल रखा जाएगा। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस को 3,000 से ज्यादा दावेदारों के आवेदन मिले हैं।

**हम फिर सरकार बनाएंगे: मुख्यमंत्री गहलोत**

बैठक के बाद सीएम अशोक गहलोत मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान गहलोत ने कहा कि पांच साल की सारी बातें भूलकर हम चुनाव में जाएंगे। टिकट के लिए जो जिताऊ होगा उसी का चयन किया जाएगा। चाहे कोई किसी भी गुट का हो। हमारी सरकार के खिलाफ कोई भी नकारात्मक माहौल नहीं हैं। हम राजस्थान में फिर से सरकार बना रहे हैं।



**विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे सीएम:** जब कांग्रेस वॉर रूम के बाहर कई विधायकों व कांग्रेसी नेताओं का विरोध हो रहा था तो विरोध प्रदर्शन के बीच सीएम गहलोत गाड़ी रोककर, उन कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे। गहलोत ने उनकी बात सुनी और उनके ज्ञापन लिए।

**केसरी सिंह को RPSC सदस्य बनाना मेरी गलती:** RPSC के सदस्य बनाए गए कर्नल केसरी सिंह के पुराने बयानों के वीडियो वायरल होने के बाद बढ़ रहे विवाद के चलते सीएम गहलोत ने कर्नल केसरी सिंह की नियुक्ति को लेकर अफसोस जताते हुए कहा कि आर्मी बैकग्राउंड के व्यक्ति को लेने के लिहाज से मुझसे गलती हो गई। हम उनसे संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बात नहीं हो पा रही है। कोई व्यक्ति आर्मी में 22 साल सर्विस कर चुका है, तो यही लगता है कि वह देश के लिए मर मिटने के लिए तैयार रहता है। अगर रिटायरमेंट के बाद ऐसा व्यक्ति जाति के हिसाब से बात करे तो स्वीकार्य नहीं हो सकता। इसकी हम निंदा भी करते हैं।

**विधानसभा चुनावों की तारीख के साथ ही ईडी की एंट्री**

# पेपर लीक मामले में जयपुर, जोधपुर और डूंगरपुर में छापे

### दिनेश खोड़निया, स्पर्धा चौधरी और अशोक जैन के ठिकानों पर पहुंची एजेंसी

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही ओर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भी एंट्री हो गई। ईडी ने शुक्रवार को प्रदेश में कई स्थानों पर छापेमारी की। सीनियर टीचर पेपर लीक मामले में ईडी की टीम ने कई नेताओं के करीबी लोगों के घर और दफ्तरों पर छापे मारे। टीम शुक्रवार सुबह जयपुर, जोधपुर और डूंगरपुर में करीब 9 जगहों पर पहुंची। यह सभी मकान और दफ्तर दिनेश खोड़निया, स्पर्धा चौधरी और अशोक जैन के हैं। बताया जा रहा है कि आरएलपी की कार्यकर्ता रह चुकी और राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ का चुनाव लड़ चुकी स्पर्धा चौधरी पेपर लीक मामले में फरार चल रहे सुरेश ढाका की दोस्त है। बताया जा रहा है कि पेपरलीक से जुड़े मामले में भूपेंद्र सारण से पूछताछ में खोड़निया के बारे में जानकारी मिली, वहीं दिनेश खोड़निया पर आरोपी सुरेश ढाका को राजनीतिक संरक्षण देने का भी आरोप है। इस मामले में ही सजा काट रहे बाबूलाल कटारा की आरपीएससी सदस्यता के लिए सिफारिश करने के आरोप भी खोड़निया पर है। दरअसल, दिनेश खोड़निया आदिवासी बेल्ट से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माने जाते हैं। हालांकि वे अभी किसी पद पर नहीं हैं, लेकिन डूंगरपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं।



■ **स्पर्धा चौधरी हैं फरार सुरेश ढाका की करीबी**

■ **कटारा को RPSC सदस्य बनाने की सिफारिश की थी दिनेश खोड़निया ने**





दिनेश खोड़निया का आवास।

### हथियारबंद जवान तैनात कर ली तलाशी

डूंगरपुर में कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया और उनके रिश्तेदार अशोक जैन के घर अलसुबह पहुंची ईडी टीम ने छापेमारी की। दोनों के घरों पर ईडी के पहुंचते ही हड़कंप मच गया। वहीं, उनके घरों के बाहर हथियारबंद जवान तैनात कर घरों की तलाशी ली गई। बताया गया कि पेपर लीक केस में दोनों ही जगहों पर एक साथ छापेमारी की गई। इस कार्रवाई के लिए ईडी की दो अलग-अलग टीमें सात से आठ गाड़ियों में सवार होकर सागवाड़ा पहुंची।

### डीडवाना के चौसला और कुणी में कार्रवाई

डीडवाना जिले के चौसला और कुणी में भी ईडी की टीमें कार्रवाई कर रही हैं। एक टीम दिनेश खोड़निया के घर पहुंची, जबकि दूसरी टीम पुनर्वास कॉलोनी स्थित उनके रिश्तेदार अशोक जैन के घर गई। वहीं, इस दौरान दोनों के घरों के बाहर सीआरपीएफ के जवान तैनात कर दिए गए। बताया जाता है कि दिनेश खोड़निया पर बाबूलाल कटारा की आरपीएससी में नियुक्ति को लेकर लेनदेन के भी आरोप लगे थे। ईडी इन्हीं सभी मामलों को लेकर छानबीन कर रही हैं। हालांकि ईडी के अधिकारियों ने मीडिया को कोई जानकारी नहीं दी है।

### जयपुर में ईडी व आईटी के साथ-साथ छापे

इनकम टैक्स ने जयपुर के गणपति प्लाजा में बने लॉकर्स में छापा मारा। इसके बाद ईडी टीम भी वहां पहुंची। दोनों एजेंसियों के अधिकारियों ने लॉकरों के दस्तावेजों की जांच की। जिन-जिन लोगों के लॉकर हैं, उनकी डिटेल निकाली जा रही है। इस बीच, ईडी की टीम सिविल लाइंस में दिनेश खोड़निया के आवास पर भी सर्च कर रही थी। दिनेश के आवास पर सुबह 5 बजे टीम पहुंची थी। उस समय फ्लैट पर ताला लगा हुआ था। सुरक्षा एजेंसियों ने संबंधित व्यक्तियों को फोन कर चाबी मांगी। इसके बाद अब सर्च प्रक्रिया शुरू हुई।

### स्पर्धा के ड्राइवर के घर भी तलाशी

ईडी टीम एक अन्य संदिग्ध नरेश खैरवा के घर तलाशी ले रही है। बताया जा रहा है कि नरेश खैरवा स्पर्धा चौधरी का ड्राइवर था। इसी प्रकार ग्राम कुणी में पूरण जेवलिया के घर भी जांच की गई। ये दोनों जीजा साले हैं।

**WC: IND Vs PAK मैच आज: 7-0 के रिकॉर्ड के साथ उतरेगी टीम इंडिया**

# शुभमन ने किया जमकर अभ्यास... खेलने की आस

**एजेंसी | अहमदाबाद**

वर्ल्ड कप 2023 में 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में इंडिया और पाकिस्तान मुकाबला खेला जाएगा। दोनों देश के क्रिकेट प्रेमी अपनी टीम को किसी भी हालत में इस मैच को जीतते हुए देखना चाहेंगे। अगर इतिहास की बात करें तो विश्व कप में अब तक भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। वनडे विश्व कप में अब तक हुए सात मुकाबले हुए हैं, ये सभी मैच भारत ने जीते हैं।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने शुक्रवार को यहां कहा कि सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले विश्व कप मैच में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। लगभग 20 मिनट तक नेट पर गेंदबाजों का सामना करने के बाद गिल ने थ्रो डाउन पर अभ्यास किया। इससे यह लगभग सुनिश्चित हो गया कि उन्हें ईशान किशन की जगह अंतिम एकादश में लिया जाएगा। किशन ने शुक्रवार को बल्लेबाजी का अभ्यास नहीं किया।




**भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन**

रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन/शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**पाकिस्तान की संभावित टीम**

बाबर आजम (कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, इमाम उल हक, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, हसन अली, शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ।

**शांतनु होंगे जयपुर ग्रामीण एसपी**

# एक IAS व पांच IPS को किया इधर-उधर

**बेधड़क | जयपुर**

निर्वाचन विभाग के निर्देश पर कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को आदेश जारी कर एक आईएएस व 5 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए। इनमें डॉ.राजीव पचार की जगह शांतनु कुमार सिंह एसपी जयपुर ग्रामीण होंगे। वहीं, आईएएस अविचल चतुर्वेदी अलवर के नए जिला कलेक्टर होंगे। तबादला सूची के अनुसार डॉ. राजीव पचार, एसपी हनुमानगढ़, योगेश दाधीच, एसपी भिवाड़ी, आलोक श्रीवास्तव, एसपी डीडवाना-कुचामन, प्रवीण नायक नूनावत एसपी चूरू होंगे। गौरतलब है कि निर्वाचन विभाग के निर्देश पर कार्य में लापरवाही बरतने पर कार्मिक विभाग ने 11 अक्टूबर को अलवर जिला कलेक्टर पुखराज सैन, भिवाड़ी एसपी करण शर्मा, हनुमानगढ़ एसपी सुधीर चौधरी और चूरू एसपी राजेश कुमार मीणा को कार्यमुक्त कर दिया था। इनकी जगह ये तबादले किए गए हैं।



# सितंबर में देश का व्यापार घाटा 19.37 अरब डॉलर

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश के आयात और निर्यात के शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक साल दर साल आधार पर देश के एक्सपोर्ट और निर्यात दोनों आंकड़ों में गिरावट दर्ज की गई है। इसके चलते देश का व्यापार घाटा सितंबर 2023 में 19.37 अरब डॉलर पर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में देश का व्यापार घाटा 24.16 अरब डॉलर रहा था। इस साल सितंबर 2023 में देश का निर्यात 2.6 फीसदी घटकर 34.47 अरब डॉलर रहा है, आयात भी 15 फीसदी घटकर 53.84 अरब डॉलर रहा है जो कि पिछले साल इसी महीने में 63.37 अरब डॉलर पर था।

**साक्ष्यों से खिलवाड़**

# सबूत हो रहे नष्ट... मासूमों से दुष्कर्म करने वाले दरिंदों को मिल रहा फायदा

- झाड़ू की सींक पर कॉटन लगा डॉक्टर ले चुके हैं प्राइवेट पार्ट से स्वाब
- FSL से पुलिस और मेडिकल ज्यूरिस्ट की ट्रेनिंग की सिफारिश
- गारमेंट्स कपड़े में लपेटने की बजाय पॉलीथीन में भेज कर रहे नष्ट

**ओमप्रकाश शर्मा | बेधड़क**

**जयपुर।** मासूमों के साथ दरिंदगी की घटनाओं के बाद महत्वपूर्ण सबूत पुलिस और मेडिकल ज्यूरिस्ट की लापरवाही से नष्ट हो रहे हैं। यह चौंकाने वाला खुलासा एफएसएल को डीएनए जांच के लिए भेजे जाने वाले सैंपलों में हुआ है। कई प्रकरणों में तो मासूमों के प्राइवेट पार्ट से डीएनए जांच के लिए स्वाब के सैंपल झाड़ू की सींक और जली अगरबत्ती पर कॉटन लपेटकर लिए जा रहे हैं। ऐसे मामले सामने आने के बाद एफएसएल के अधिकारियों ने जिम्मेदारों को पत्र लिख सैंपल के लिए मेडिकल ज्यूरिस्ट और पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग देने की सलाह दी है।

**बेधड़क एक्सक्लूसिव**

**प्रदेश में यह स्थिति है दुष्कर्म के केसों की**

| वर्ष | दुष्कर्म की घटनाएं | मासूम के साथ |
|---|---|---|
| 2021 | 6337 | 3684 |
| 2022 | 7093 | 4043 |
| 2023 अगस्त तक | 4756 | 1231 |




### जो अंत:वस्त्र भेजना होता है, वह भेजते नहीं

2019 में पाली के मारवाड़ जंक्शन थाना इलाके में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म हुआ था। पुलिस ने पीड़िता के अंडरगारमेंट्स जांच के लिए बरामद किए, लेकिन डीएनए जांच के लिए एफएसएल को भेजने की बजाय ऐसे गारमेंट्स भेज दिए, जिन पर सीमन ही नहीं होता। ऐसे में एफएसएल ने बिना जांच ही उन्हें लौटा दिया।

### लकड़ी के चम्मच पर स्वाब का सैंपल

भरतपुर के सेवर थाने में एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। वर्ष 2017 में मेडिकल ज्यूरिस्ट ने पीड़िता के स्वाब का जो सैंपल ग्लास स्लाइड पर भेजना था, उसे लकड़ी की चम्मच पर लेकर एफएसएल को डीएनए जांच के लिए भेज दिया। जाहिर है, सैंपल नष्ट हो गया।

**आरोपियों को फायदा पहुंचाने की नीयत!:** पुलिस अंडरगारमेंट्स कपड़े में लपेटने की बजाय पॉलीथीन में भेज देती है, पॉलीथीन में सीमन नष्ट हो जाता है। और एक बानगी देखें, जयपुर के कांवटिया और एसएमएस अस्पताल के मेडिकल ज्यूरिस्ट पीड़िता (जीवाणु कांड) के सैंपल झाड़ू की सींक और जली हुई अगरबत्ती के कॉटन लगा के लिए थे।

### लापरवाही आई सामने

"कई प्रकरणों में एफएसएल की डीएनए रिपोर्ट के आधार पर ही आरोपियों को सजा हुई है। कुछ प्रकरणों में स्वाब के सैंपल लेने में लापरवाही सामने आई है। स्वाब गलत तरीके से लेने पर सबूत नष्ट हो जाते हैं और ऐसे सैंपल की जांच एफएसएल नहीं कर पाती है। इसको लेकर हम ट्रेनिंग भी दे चुके हैं।

**- डा. राजेश सिंह,**
**डिप्टी डायरेक्टर, एफएसएल**

## जरूरी खबर

### केंद्रीय मंत्री चौधरी ने किया सीएम पर पलटवार



**जयपुर।** विधानसभा चुनावों की तारीख नजदीक आने के साथ ही नेताओं की बयानबाजी तेज हो गई हैं। भाजपा की ओर से सांसदों को चुनावी मैदान में उतारे जाने को लेकर सीएम अशोक गहलोत के दिए गए बयान पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सीएम अशोक गहलोत को उनकी विधानसभा सीट पर घेरने की तैयारी कर ली हैं। इससे गहलोत की यह बौखलाहट है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि वो डर गए हैं, इसलिए इस प्रकार के बयान दे रहे हैं।

### पंचायती राज और नगर निकायों के उपचुनाव स्थगित

**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय निकायों के उपचुनाव कार्यक्रम को आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। पूर्व में पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय निकायों में 31 अगस्त तक के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव की घोषणा की गई थी। इसी दौरान 9 अक्टूबर को राज्य में विधानसभा आम चुनावों की घोषणा कर देने से सम्पूर्ण राज्य में आचार संहिता प्रभावी हो गई है। इसके चलते किसी भी प्रकार के एक्जिट पोल के प्रकाशन पर पूर्णरूप से रोक है। राज्य में विधानसभा आम चुनाव की प्रभावी आचार संहिता के समाप्त होने के बाद उक्त उपचुनाव करवाए जाऐंगे।

### जुनोटिक डिजीज कन्ट्रोल का बनेगा एक्शन प्लान



**जयपुर।** प्रदेश में जुनोटिक संक्रमण बीमारियों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए स्टेट वन-हैल्थ एक्शन प्लान बनाकर कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने शुक्रवार को मल्टी सेक्टरल कंसल्टेशन वर्कशॉप में यह बात कही। वर्कशॉप में बताया कि मानव में 60 प्रतिशत बीमारियों के संक्रमण के कारण प्राकृतिक व जुनोटिक होते हैं। इसके लिए वन-हैल्थ एक्शन प्लान लागू कर कार्रवाई की जाएगी। कार्यशाला में अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, एनसीडीसी के प्रिंसिपल एडवाइजर डॉ. अनिल कुमार व डॉ. सिमी तिवाडी, पशुपालन निदेशक डॉ. बी.एस. राठौड़ सहित अन्य विशेषज्ञ मौजूद रहे।

## अंदर बैठक, बाहर नारेबाजी: सीएम बोले- यह विरोध सच्चाई भी हो सकती है और षड्यंत्र भी

# कांग्रेस में सूची से पहले ही बवाल शुरू, विरोध के उठ रहे स्वर

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की पहली सूची आने से पहले ही पार्टी में बवाल शुरू हो गया हैं। विधानसभा चुनावों में अपने-अपने नेता को टिकट दिलाने की होड़ में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

भाजपा में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद विरोध जारी है तो कांग्रेस में सूची आने से पहले ही विरोध शुरू हो गया हैं। राजस्थान विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस में अभी पहली सूची जारी नहीं हुई है। वहीं कई वर्तमान विधायकों को टिकट नहीं देने की मांग ने भी जोर पकड़ना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को जयपुर पीसीसी वॉर रूम में संभावित दावेदारों के नामों को लेकर चर्चा होती रही और बाहर कई विधायकों के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन का दौर चलता रहा। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, सीएम अशोक गहलोत, सचिन पायलट समेत अन्य नेता जिस समय बैठक कर रहे थे, तब वॉर रूम के बाहर कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन चलता रहा।




### एक दर्जन वर्तमान विधायकों का विरोध

कांग्रेस वॉररूम के बाहर पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने करीब एक दर्जन विधानसभा क्षेत्रों के वर्तमान विधायकों के टिकट काटने की मांग रखी। इसमें जयपुर की किशनपोल से अमीन कागजी, आदर्श नगर से रफीक खान, सवाई माधोपुर से विधायक दानिश अबरार और फुलेरा से विद्याधर चौधरी के विरोध में वॉर रूम के बाहर सैंकड़ों लोगों का जमावड़ा लगा रहा। साथ ही गंगापुर सिटी और सरदारशहर अनिल शर्मा, कामां से जाहिदा खान विधायक के खिलाफ लोग पहुंचे और उनको टिकट नहीं देने की पैरवी करते हुए नारेबाजी की। ये कार्यकर्ता अपने साथ बैनर-पोस्टर लेकर पहुंचे और स्थानीय विधायक के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं का साफ कहना है कि अगर स्थानीय विधायकों के टिकट नहीं काटे गए, तो फिर कांग्रेस पार्टी चुनाव नहीं जीतेगी।

### मौजूदा विधायक के खिलाफ हमेशा रहती है नाराजगी: सीएम गहलोत

पीसीसी वॉर रूम में बैठक के बाद सीएम गहलोत मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने विधायकों के खिलाफ लोगों की नाराजगी को लेकर कहा कि मौजूदा विधायक के खिलाफ हमेशा नाराजगी रहती हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन सच्चाई भी हो सकती हैं और षड्यंत्र भी हो सकता हैं।

### टिकट मांगने का सभी को है अधिकार: डोटासरा

वहीं पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस को 3 हजार से ज्यादा दावेदारों के आवेदन मिले हैं। किसी विधानसभा सीट पर एक तो किसी पर दो और चार आवेदन आए हैं। उन्होंने कहा कि टिकट मांगने का सभी को अधिकार हैं। वहीं टिकट की दावेदारी को लेकर आए आवेदनों और उम्मीदवारों की जमीनी हकीकत की जांच के बाद जिताऊ उम्मीदवार को ही पार्टी प्राथमिकता देगी।

## अगले सप्ताह आएगी भाजपा की दूसरी सूची, मंथन का दौर जारी

# बवाल को थामने-विरोधियों को मैनेज करने की बनाई रणनीति

■ प्रदेश भाजपा कार्यालय पर दिनभर रहा गहमा-गहमी का माहौल

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर 200 में से 41 सीटों पर भाजपा अपने प्रत्याशी मैदान में उतार चुकी हैं। इसके बाद अब जल्द ही भाजपा अन्य सीटों पर प्रत्याशी मैदान में उतारेगी और दूसरी सूची जारी करेगी।

इसी दूसरी सूची को लेकर शुक्रवार को जयुपर स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में दूसरी सूची में संभावित दावेदारों के नामों को लेकर चर्चा हुई और साथ ही उन नामों को लेकर भी मंथन किया गया जो दूसरी सूची के बाद बगावत कर सकते हैं। पहली सूची के बाद हुई बगावत को रोकने और पूरे डेमेज कंट्रोल को लेकर बैठक में प्लान तैयार किया गया।

सूत्रों की माने तो सभी सदस्यों ने बैठक में किसी भी तरह की बगावत को रोकने और टिकट कटने के बाद नाराज होने वाले नेताओं को साधने को लेकर रणनीति तैयार की। इस रणनीति के तहत तय किया गया कि जो भी योग्य होगा और पार्टी हित में चुनावों में जुड़कर कार्य करेगा उसे सरकार बनने के बाद संगठन व सरकार में विशेष स्थानों पर जगह दी जाएगी। बैठक में चुनाव के लिए जारी होने वाले मैनिफेस्टो को लेकर भी चर्चा हुई। वहीं चुनावी रणनीति पर चर्चा के साथ-साथ पार्टी के सामने आ रही चुनौतियों पर भी मंथन किया गया। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, मेनिफेस्टो कमेटी के चेयरमैन अर्जुन राम मेघवाल, सतीश पूनियां, कैलाश चौधरी, प्रह्लाद जोशी, चंद्रशेखर, अलका गुर्जर, राजेंद्र गहलोत सहित कोर कमेटी के सदस्य शामिल हुए।



### दिल्ली में कोर कमेटी की बैठक आज

मिली जानकारी के अनुसार बैठक में आगामी दिनों में शीर्ष नेताओं के प्रदेश दौरों को लेकर भी मंथन हुआ। आगामी दिनों में पीएम मोदी, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई केन्द्रीय मंत्रियों और दूसरे राज्यों के सीएम और नेताओं के दौरे होंगे। भाजपा की दूसरी लिस्ट को लेकर शनिवार को दिल्ली में कोर कमेटी की बैठक होगी। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में राजस्थान कोर कमेटी की बैठक होगी।

### सीईसी की बैठक कल

कोर कमेटी की बैठक में दूसरी लिस्ट के लिए पैनल पर चर्चा की गई। रविवार को केंद्रीय चुनाव समिति की होने वाली बैठक में कोर ग्रुप के नेता शामिल होंगे और इस पैनल को केंद्रीय चुनाव समिति के सामने प्रस्तुत करेंगे। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद ही प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की जाएगी।

### चुनाव आयोग से की जाएगी सीएम की शिकायत

प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की बैठक समाप्त के बाद नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि बैठक में चुनाव की आगामी रणनीति पर चर्चा हुई हैं। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की शिकायत चुनाव आयोग से की जाएगी। बैठक में यह फैसला लिया गया भाजपा चुनाव आयोग को एक शिकायत पत्र देगी। आचार संहिता लगने के बाद भी मुख्यमंत्री के फोटो सरकारी दस्तावेज पर आ रहे हैं। इसको लेकर आयोग में शिकायत की जाएगी। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में चुनावी घोषणा के बाद भी लगातार महिला अपराध हो रहे हैं। योजनाओं पर सीएम की फोटो लगी है। इलेक्शन कमीशन में इसकी शिकायत की जाएगी।

## मेघवाल ने सीएम पर कसा तंज

# देश की महंगाई दर 5.03 और राजस्थान की 6.53 प्रतिशत



**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा प्रदेश कार्यालय पर शुक्रवार को केंद्रीय कानून मंत्री एंव संकल्प पत्र समिति संयोजक अर्जुनराम मेघवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की योजनाओं पर तंज कसते हुए कांग्रेस सरकार के गुड गवर्नेंस के सभी दावों की पोल खोली। उन्होंने कहा कि महंगाई राहत कैंप के नाम से जनता को गुमराह करने वाली कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता पर कर्ज का बोझ बढ़ाने का काम किया है।

केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने नारा दिया था कि गुड गवर्नेंस देंगे, लेकिन किसानों की ऋण माफी और बेरोजगारी भत्ते के नाम पर झूठ और भ्रम का जाल फैला कर ये लोग सत्ता में आए हैं। इनके द्वारा किया गया गुड गवर्ननेंस का वादा बैड गवर्नेंस में बदल गया प्रदेश की जीडीपी डाउन है और कर्जा बढ़ा है। हम देश की महंगाई दर को देखें तो वह 5.03 प्रतिशत है और वहीं राजस्थान में महंगाई दर 6.53 प्रतिशत है।

केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि जीडीपी का दूसरा घटक होता है निवेश जो कि करीब 28 प्रतिशत से 30 प्रतिशत के करीब होना चाहिए। निवेश दो तरह का होता है जिसमें एक प्राईवेट इन्वेस्टमेंट होता है जिसे निजी निवेश कहते हैं और दूसरा पब्लिक इन्वेस्टमेंट होता है जिसको हम सरकारी निवेश कहते हैं। कांग्रेस सरकार ने कई ऐसे समिट किए और एमओयू साइन किए लेकिन वो धरातल पर नहीं उतर पाए। इन्होनें वादा किया था जो निवेश पर सब्सिडी देंगे। कुछ लोग इन्वेस्टमेंट करने आए थे, लेकिन उन्हें सब्सिडी नहीं दी। इसको लेकर कई लोग कोर्ट में गए हैं।

## हाई कोर्ट के प्लेटिनम जुबली समारोह में होंगे शामिल

# CJI चंद्रचूड़ आज जयपुर में

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान हाई कोर्ट इस वर्ष अपने 75वें वर्ष में प्रवेश करने पर प्लेटिनम जुबली वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्लेटिनम जुबली वर्ष समारोह की शुरुआत शनिवार को होगी। शनिवार को शाम 4:30 बजे जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में प्लेटिनम जुबली समारोह का आयोजन होगा। जिसका शुभारंभ सीजेआई डीवाई चंद्रचूड करेंगे।

इस दौरान सुप्रीम कोर्ट जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एस रवींद्र भट्ट, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्थल भी मौजूद रहेंगे। वहीं गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संदीप मेहता भी समारोह में शिरकत करेंगे। सिल्वर जुबली समारोह का 29 अगस्त 2024 को राजस्थान हाई कोर्ट के 75 वर्ष पूर्ण होने पर जोधपुर में इसका समापन होगा।



समारोह में राजस्थान हाई कोर्ट से जुड़े 17 सेवानिवृत न्यायाधीशों को भी आमंत्रित किया गया हैं। इनमें राजस्थान हाईकोर्ट के सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अनिल देव सिंह, सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एसएन झा, सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस के मित्तल, सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एसएस शिंदे शामिल हैं। सेवानिवृत न्यायाधीश जस्टिस पीबी मजूमदार, जस्टिस जयश्री ठाकुर, जस्टिस एएस ग्रेवाल, जस्टिस निर्मलजीत कौर,जस्टिस सबीना, जस्टिस बीजे शेथना,जस्टिस रामेश्वर व्यास, जस्टिस केएस अहलूवालिया,जस्टिस चांदमल तोतला, जस्टिस एचआर पंवार को समारोह के लिए आमंत्रित किया गया हैं।

## जमीनी स्तर पर परफॉर्मेंस के आधार पर प्रत्याशियों का चयन

# नवरात्रि में आएगी 'आप' की पहली सूची

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों की लिस्ट तैयार है। आलाकमान जल्द ही नामों की पहली सूची जारी करने वाला है। पार्टी के कार्यकर्ता निश्चिंत होकर चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहें। पार्टी राजस्थान में पूरे दम-खम के साथ चुनाव लड़ेगी।

मिश्रा ने कहा कि विधानसभा प्रत्याशियों को लेकर काफी विचार-विमर्श करने के बाद प्रत्याशियों की सूची पीएसी को भेज दी गई है। उम्मीद है कि नवरात्रि के पहले या दूसरे दिन हाईकमान द्वारा प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी जाएगी। प्रत्याशियों का चयन पार्टी की ओर से दी गई जिम्मेदारियों के परफॉर्मेंस के आधार पर किया गया है, फिर चाहें वो ग्राम स्तर, जिला स्तर के कार्यक्रम हों या अरविंद केजरीवाल की गारंटियों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हो। उन्होंने कहा कि बीजेपी आम आदमी पार्टी की बढ़ती ताकत और लोकप्रियता से घबराई हुई है।




प्रधानमंत्री मोदी को ये एहसास हो गया है कि आम आदमी पार्टी को अगर कमजोर करना है तो पहले उन नेताओं की आवाज को बंद करो जो जनता की आवाज बने हुए हैं। मिश्रा ने कहा देश की जनता केंद्र की तानाशाही को देख रही है और इसका परिणाम केंद्र की मोदी सरकार को 2024 लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

### समाजसेवी केडिया ने थामा 'आप' का दामन

आम आदमी पार्टी के साथ शुक्रवार को जयपुर के उद्योगपति और समाजसेवी राजेंद्र कुमार केडिया जुड़े। उन्होंने दिल्ली में पार्टी का दामन थामा। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक ने पार्टी मुख्यालय में राजेंद्र कुमार केडिया को पार्टी की सदस्यता दिलाई। पाठक ने समाजसेवी केडिया का 'आप' में स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी का परिवार देश और राजस्थान में लगातार बढ़ता जा रहा है। केडिया लगातार समाजसेवा का काम करते हैं और उन्होंने देश और प्रदेश की राजनीति बदलने को लेकर जो कदम उठाया है वो तारीफ के काबिल है।

## किरोड़ी के पीछे जांच एजेंसी भी बनी चक्कर घिन्नी

# लॉकर में काला धन DOIT, JJM और पेपर लीक से जुड़े लोगों का: किरोड़ी

### सांसद ने लॉकरों को खुलवाने के लिए दिया धरना तो शाम को जांच करने पहुंची एजेंसी

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेशभर में शुक्रवार सुबह हुई ईडी की छापेमारी के बाद राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने एमआई रोड स्थित गणपति प्लाजा में स्थित प्राइवेट लॉकरों में करोड़ों रुपए का काला धन छिपा होने का दावा कर सनसनी फैला दी।

उन्होंने सार्वजनिक रूप से गणपति प्लाजा के 100 लॉकरों में भ्रष्टाचार का 500 करोड़ रुपए और 50 किलो सोना होने की बात कही। सांसद मीणा लॉकरों को खुलवाने के लिए धरने पर बैठ गए। एकाएक हुए इस घटनाक्रम से एकबारगी तो प्रदेश की राजनीति में उथल-पुथल मच गई। वहीं पुलिस प्रशासन के भी हाथ-पांव फूल गए। ऐसे में पुलिस और जांच एजेंसियों की ओर से लॉकरों की जांच करने का लिखित आश्वासन देने के बाद ही किरोड़ी लाल करीब दो घंटे बाद धरने से उठे।

वहीं सांसद के दावे के बाद शाम को इंकम टैक्स और ईडी ने लॉकर्स की जांच शुरू की। दोनों एजेंसियां देर रात तक लॉकरों की जांच कर रही थी। शाम को गणपति प्लाजा में इंकम टेक्स की एंटी होते ही सांसद डॉ.किरोड़ीलाल मीणा भी दुबारा गणपति प्लाजा पहुंचे गए। गणपति प्लाजा में किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि कुछ देर में इडी की टीम गणपति प्लाजा भी पहुंच रही है। जब तक कार्रवाई चलेगी,जब तक यहीं गद्दे बिछाकर सोऊंगा। वहीं देर रात किरोडी मीणा सी स्कीम के एक ऑफिस में भी काले धन की फाइलें होने का दावा कर दिया। उन्होंने कहा कि अीाी सात जगहों पर भी काला धन छिपा हैं धीरे-धीरे खुलासा करूंगा।




### गणपति प्लाजा में लॉकर पिछले 10 दस साल से बंद

सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने आरोप लगाया कि गणपति प्लाजा में रोयरा सेफ्टी वॉल्ट्स लाकर्स में 100 लॉकर रूम हैं। जिन्हें पिछले दस सालों से नहीं खोला गया। उन्होंने कहा कि इन लॉकरों में कालाधन है। इन लॉकर के बारे में न तो आरबीआई और न ही किसी अन्य एजेंसी को जानकारी है। इन लॉकरों में 500 करोड़ रुपए का कालाधन के साथ ही 50 किलो सोना भी है। उन्होंने दावा किया कि ये काला धन डीओआईटी, जेजेएम और पेपर लीक से जुड़े लोगों का है।

### दिनेश खोड़निया और चौधरी पर पेपरलीक में शामिल होने का आरोप

सांसद किरोड़ी लाल ने सुबह प्रेसवार्ता कर कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया के घर पर ईडी के आने पर पेपर लीक में शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कटारा ने ईडी को वह सब कुछ बता दिया,जो वे पहले ही ईडी को दस्तावेज दे चुके हैं। उनकी शियत पर ही ईडी ने आरएलपी नेत्री स्पर्धा चौधरी और दिनेश खोड़निया पर शिकंजा कसा है।

### केन्द्र सरकार और किरोड़ी लाल की मिलीभगत: गहलोत

राज्यसभा सांसद किरोडीलाल मीणा के प्रदर्शन और आरोपों पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि केन्द्र सरकार और किरोड़ी लाल मीणा की मिलीभगत है। किरोड़ी ईडी कार्यालय में जाकर शिकायतें करते रहते हैं। वो लॉकर किसके हैं, हमें पता नहीं है। चुनाव के वक्त ईडी की कार्रवाई चुने हुए लोगों पर की जा रही है। हमने जो काम कि हैं, उसका लोगों में गहरा असर देखने को मिल रहा है। जनता समझदार है, ऐसा कोई मुद्दा नहीं चलेगा।

## जरूरी खबर

### आज से प्रदेश में कई जगह हो सकती है बारिश




**जयपुर।** राजधानी समेत प्रदेशभर में रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। वहीं, पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों में रविवार से बारिश शुरू हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार शुक्रवार से जो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हुआ है, उसका राजस्थान में असर 14 या 15 अक्टूबर से देखने को मिलेगा। इधर मौसम केंद्र जयपुर की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार रात के समय सबसे कम तापमान सिरोही में 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा राजधानी जयपुर में 23.2 डिग्री तापमान के अलावा राज्य की सभी जगह तापमान 25 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। राजधानी में रात के समय हल्की ठंडक की वजह से लोगों ने पंखे कूलर बंद कर दिए।

### हेरिटेज निगम ने हटाया अस्थाई अतिक्रमण

**जयपुर।** हेरिटेज निगम ने शुक्रवार को निगम आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत के निर्देश पर उपायुक्त सर्तकता एसके मेहरानिया के निर्देशन में सर्तकता शाखा ने परकोटे के मुख्य बाजारों और प्रमुख मार्गों से अस्थाई अतिक्रमण हटाया। आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि हेरिटेज निगम की सर्तकता शाखा ने सिटी पैलेस, जंतर-मंतर, जलेबी चौक, पुराना आतिश मार्केट, त्रिपोलिया बाजार, श्रीहोडी बाजार चांदी की टकसाल, पुराना रामगढ़ मोड़, बस स्टैंड पर कार्रवाई कर तीन ट्रक सामान जब्त किया। मौके पर व्यापारियों से 23000 कैरिंग चार्ज वसूल कर रसीद काटी। वहीं बड़ी चौपड़, किशनपोल बाजार, अहिंसा सर्किल, सांगानेरी गेट, ट्रांसपोर्ट नगर, राजापार्क, जौहरी बाजार में तीन ट्रक सामान जब्त किया और 10 व्यापारियों से 27000 कैरिंग चार्ज वसूला।

**विधानसभा चुनाव 2023: नवाचार से मतदाताओं को जागरूक करने में जुटा निर्वाचन आयोग**

# युवाओं ने वीआर के जरिए जानी मतदान प्रक्रिया की बारीकियां

**बेधड़क** | जयपुर

आगामी विधानसभा चुनावों में निर्वाचन आयोग प्रदेश के युवाओं को अधिकतम वोट डालने और मतदान केंद्रों तक पहुंचाने को लेकर नित नए नवाचार कर रहा है। गौरतलब है कि इस बार विधानसभा आम चुनाव में 21.9 लाख युवा पहली बार वोट डालेंगे। शुक्रवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित एवं आकर्षित करने के लिए निर्वाचन विभाग के निर्देश पर जयपुर के गौरव टावर पर वीआर के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया से रूबरू करवाया गया।

### आर्टिफिशियल तकनीक है वीआर

युवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से काफी जुड़ाव महसूस करता है। इसी को ध्यान में रखते हुए युवाओं की आगामी चुनावों में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वीआर प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वीआर के माधयम से मतदाता को मतदान केंद्र से लेकर मत देने की प्रक्रिया को थ्री डी में दिखाया जाता है, जिससे नए मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया को समझने में आसानी होती हैं। वहीं वीआर के माधयम से थ्री डी में जब वीडियो दिखाया जाता है तब उन्हें ऐसा अनुभव होता है कि वो किसी मतदान केंद्र पर खड़े होकर मत देने जा रहे हैं। वीडियो में मतदान केंद्र में प्रवेश, आईडी जांच और ईवीएम में वोट कास्ट करने का अनुभव होता हैं। वीडियो के माध्यम से हूबहू युवा मतदाता किसी प्रत्याशी को मत देता है।



### 30 नवंबर तक करवा सकते हैं नया पंजीयन

एक अक्टूबर तक 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवा मतदाताओं को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का एक अंतिम मौका दिया गया है। मतदाता 17 अक्टूबर से 30 अक्टुम्बर तक बदलाव करवा सकते हैं। मतदाता ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड का इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं, लिस्ट में नाम जुड़वाने, कटवाने और सुधार भी करवा सकते हैं।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म के बारे में दी जानकारी

जयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि शुक्रवार को युवा मतदाता को रोचक तरीके से मतदान प्रक्रिया को समझाया गया। कई कॉलेज स्टूडेंस्ट ने कहा कि वीआर के जरिए हमें ऐसा लगा कि वाकई हम किसी सुसज्जित मतदान केन्द्र पर खड़े हैं और मतदान कर रहे हैं। वहीं, उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग की यह पहल वाकई युवाओं को पसंद आएगी। जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने युवाओं को वीआर के अलावा सी विजिल एप, दिव्यांगों के लिए सक्षम एप सहित अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की जानकारी दी और नव मतदाताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित किया।

**सुबह ईडी के छापे, शाम को इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई**

# अब निजी लॉकर कंपनी पर निशाना 500 करोड़ की काली कमाई!

**सांसद किरोड़ी लाल मीणा का दावा- भ्रष्टाचार से जुड़े लोगों की पड़ी है नकदी**

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में शुक्रवार सुबह ईडी के छापों के बाद शाम को इनकम टैक्स विभाग ने भी छापे मार कार्रवाई की है। इनकम टैक्स ने जयपुर के गणपति प्लाजा में बने लॉकर्स में छापा मारा है। खास बात यह है कि भाजपा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आज सुबह ही दावा किया था कि इन लॉकर्स में 500 करोड़ रुपए का काला धन है और यह पैसा कई घोटालों से जुड़ा हुआ हैं।

इससे पहले शुरू हुई आयकर विभाग की अन्य कार्रवाई में स्नेहा ग्रुप व सहयोगियों के ठिकानों पर चली छापेमारी शुक्रवार को चौथे दिन समाप्त हो गई। अधिकारी बड़ी सफलता समूह में हो रही सर्कुलर ट्रेडिंग गतिविधियां पकड़ना मान रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि सर्कुलर ट्रेडिंग से समूह में करीब 400 करोड़ का कारोबार दिखाया गया। विभागीय अधिकारियों ने इस कार्यवाही में 70 करोड़ की काली कमाई पकड़ने का दावा भी किया है। इस कार्रवाई में 20 लाख की नकदी और 30 लाख की ज्वैलरी जब्त की है। इसके अलावा छापेमारी का निशाना बने समूह की कम्पनियों की स्टॉक पुस्तिकाओं में भी बड़ी गड़बड़ी मिली है।


फोटो: पंकज शर्मा

### आज बुलाया जाएगा लॉकर के मालिकों को!

आयकर विभाग ने शुक्रवार को एम आई रोड स्थित गणपति प्लाजा में एक निजी लॉकर कम्पनी संचालक के यहां एक नई छापेमारी की शुरुआत की। आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा यह कार्रवाई कर रही है। सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने दावा किया है कि कम्पनी के लॉकर्स में पेपर लीक प्रकरण और जल शक्ति मिशन योजना में हुए भ्रष्टाचार से जुड़े लोगों की करीब 500 करोड़ की नकदी यहां रखी है। देर रात तक आयकर आधिकारियों की टीमें यहां लॉकर्स मालिकों का विवरण खंगालती रही। कुछ लॉकर्स की चाबियां निजी लॉकर कम्पनी संचालक के पास भी मिली, लेकिन खोले जाने पर ये सभी लॉकर्स खाली मिलें। कुछ समय बाद ही इस स्थान पर ईडी की टीम भी पहुंची और इस टीम ने भी जांच शुरू की। इनकम टैक्स अधिकारियों के बाद ईडी अधिकारी भी गणपति प्लाजा पहुंचे। ईडी और इनकम टैक्स के अधिकारियों ने लॉकरों के दस्तावेज की जांच की। जिन-जिन लोगों के लॉकर है,उनकी डिटेल निकाली जा रही है। संभवत: शनिवार को लॉकर मालिकों को भी बुलाया जाएगा।

### अधिकारियों ने डिजिटल डाटा जुटाया

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार आयकर छापेमारी की यह कार्रवाई स्नेह समूह के कर्ताधर्ता विशाल बंसल, उनकी पत्नी निकिता बंसल और इनके कारोबारी सहयोगियों के सी-स्कीम, बनी पार्क, जवाहर नगर, एमआई रोड के अलावा विश्वकर्मा दूदू और बगरु औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित 10 ठिकानों पर हुई। छापेमारी में 6 लॉकर्स मिले। बताया जाता है कि लॉकर्स में कुछ दस्तावेज मिले हैं। कार्रवाई का निशाना स्नेहा समूह की स्नेहा पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड, स्नेहा ऑलिफिन्स प्रा.लि. और श्री तिरुपति इण्डस्ट्रीज भी बनी। इनके कार्यालयों से भी डिजिटल डाटा जुटाया है।

**रेलवे सुरक्षा बल की बड़ी कार्रवाई**

# जयपुर जंक्शन पर 116 kg चांदी के आइटम पकड़े



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर जंक्शन पर शुक्रवार को रेलवे सुरक्षा बल ने सघन चेकिंग अभियान में 116 किलो चांदी पकड़ी है। रेलवे सुरक्षा बल ने उत्तर पश्चिमी रेलवे के महानिरीक्षक ज्योति कुमार सतीजा के सुपर विजन में जयपुर मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त ज्योति मणि और एएससी अशोक त्यागी के निर्देशन में आरपीएफ पोस्ट जयपुर प्रभारी नरेश यादव की टीम और अपराध शाखा प्रभारी नरेश मीना की टीम पार्सल की विशेष चेकिंग अभियान पर थी। इस दौरान चार पार्सल में चांदी की सिल्ली, चांदी के बने आइटम जब्त किए।

जब्त की गई चांदी का वजन करीब 116 किलो बताया गया है, जिसकी बाजार करीब 82 लाख रुपए से ज्यादा कीमत आंकी गई है। टीम को पार्सल में करीब 61800 रुपए नकद भी मिले हैं। इस संबंध में रेलवे के उच्चाधिकारी पार्सलों की जांच में जुट गए हैं। चांदी के पार्सल के ये पैकेट बॉम्बे सुपरफास्ट के पार्सल कोच (वीपी) में लाए गए थे।

### चेक बाउंस मामले में जारी किया वारंट

**जयपुर।** राजधानी में एनआई एक्ट कोर्ट ने 3.80 लाख रुपए के चेक बाउंस मामले में आरोपी नागौर निवासी नरेंद्र सिंह राठौड़ को कोर्ट से जमानती वारंट से तलब किया है। आरोपी चेक बाउंस के मामले में अदालत में तारीख पर पेश नहीं हो रहा था। ऐसे में कोर्ट ने नरेंद्र को 13 दिसम्बर को तारीख पर आने का वारंट जारी किया है। आरोपी ने करधनी निवासी ममता चतुर्वेदी से पांच लाख रूपए उधार लिए थे, जिसका 3.80 लाख रुपए का चेक बांउस हो गया था। ऐसे में पीड़िता ने धोखाधड़ी और चेक अनादरित होने का मामला दर्ज कराया था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**मानक महोत्सव: ब्यूरो ने तय किए 21000 मानक**

# बिना ISI का हेलमेट बेचना अपराध

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय मानक ब्यूरो के मानक महोत्सव में बेहतर विश्व के लिए साझा द्रष्टिकोण विषय पर शुक्रवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार सिंह ने कहा कि हमें विभिन्न मानकों के लिए आम लोगों को जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आईएसआई मार्क का हेलमेट के उपयोग के बारे में पुलिस और भारतीय मानक ब्यूरो ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया है। एडीजी सिंह ने बताया कि बिना आईएसआई मार्क वाले हेलमेट बेचना कानूनी अपराध है। विशिष्ट अतिथि पत्र सूचना कार्यालय और केंद्रीय संचार ब्यूरो की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने कहा कि मानक जागरूकता संबंधी रील्स बनानी चाहिए, ताकि आम उपभोक्ता तक पहुंच सके। कार्यशाला में प्रोफेसर डॉक्टर अनुराग धाकड़, ब्यूरो प्रमुख कनिका कालिया ने बताया कि ब्यूरो ने विभिन्न क्षेत्रों में 21000 मानक तय किए हैं।




**श्रीनगर से कन्याकुमारी जा रही हैं CRPF महिला बाइकर्स**

# 'यशस्विनी' के स्वागत में जुटेगा जयपुर

**बेधड़क** | जयपुर

बालिकाओं के महत्व पर जागरूकता फैलाने और नारी शक्ति का जश्न मनाने के लिए सीआरपीएफ महिला बाइकर्स 'यशस्विनी' की रैली के जयपुर आगमन पर 22 अक्टूबर को अल्बर्ट हॉल पर विशेष आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र होंगे। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार और सीआरपीएफ के तत्वावधान में श्रीनगर से लेकर कन्याकुमारी तक निकाली जा रही रैली 5 अक्टूबर को श्रीनगर से प्रारम्भ हुई थी। यह 31 अक्टूबर को कन्याकुमारी पहुंचकर सम्पन्न होगी।



इस दौरान रैली भारत के विभिन्न राज्यों से होकर गुजरेगी। वहीं, प्रदेश में रैली 21 से 24 अक्टूबर तक रहेगी। प्रदेश के कई जिलों में बाईक रैली के प्रवेश होने पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग जितेन्द्र उपाध्याय की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सीआरपीएफ के राजस्थान सेक्टर के पुलिस महानिरीक्षक विक्रम सहगल, कमांडेंट पूनम गुप्ता, आयुक्त महिला अधिकारिता रश्मि गुप्ता, समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशक रामावतार मीणा, पुलिस उपायुक्त प्रहलाद कृष्णिया और जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर अबू सूफियान मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर को राजस्थान की बॉर्डर अलवर जिले की सीमा पर रैली का महिला अधिकारिता विभाग एवं सीआरपीएफ के अधिकारियों द्वारा स्वागत किया जाएगा। उसके बाद आनन्द इन्टरनेशनल स्कूल कानोता में स्वागत सत्कारअ और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**फिर बढ़ा करीब एक लाख संविदाकर्मियों के नियमितीकरण का इंतजार, साढ़े 10 हजार हुए नियमित**

# रूठे हुए संविदा कार्मिक विधानसभा चुनावों में किसका देंगे साथ?

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के चलते लगी आचार संहिता के बाद से कांग्रेस सरकार से कई वर्ग खुश तो कोई नाखुश रह गए।

प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार के अंतिम दिनों में हर वर्ग और तबके को खुश करने की जुगत की गई। इस सबके बावजूद कई सालों से नियमितीकरण की मांग कर रहे करीब एक लाख संविदा कर्मचारियों को स्थायी नहीं करने से अब चुनावों में कांग्रेस सरकार को इसका खमियाजा भी भुगतना पड़ सकता है।

हालांकि, सरकार ने आचार संहिता लगने से पहले 9 वर्षों से अधिक संविदा सेवा का अनुभव रखने वाले महात्मा गांधी नरेगा में कार्यरत 4966 और मदरसा बोर्ड के 5562 संविदा कर्मियों को नियमित किया गया है, लेकिन कई विभागों में लगे हुए संविदा कर्मियों को अभी भी स्थायीकरण का इंतजार है।

संविदा कर्मियों का कहना है कि कांग्रेस सरकार के 2018 में चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादे को भी नहीं निभाया गया। ऐसे में अब करीब 1 लाख सविंदाकर्मियों को मनाकर इनके वोट कौनसी पार्टी हासिल करती है, वो तो आने वाला समय ही बताएगा। माना जा रहा है कि जिस पार्टी का विरोध सविंदाकर्मी करेंगे तो उसे खासा नुकसान झेलना पड़ सकता है।

### नियमों के फेर में उलझा है नियमितीकरण

संविदाकर्मियों के नियमित होने का सपना नए नियमों के फेर में फंसकर जार-जार हो गया। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने इन कर्मियों के लिए राजस्थान कांट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स 2022 को 11 जनवरी 2022 को लागू किया। इन नियमों का ऐसा मकड़जाल बना दिया कि अब ये संविदाकर्मी स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इन्हें न तो स्थायी किया गया है और न ही इन रूल्स के तहत कोई आर्थिक लाभ मिलता नजर आ रहा है। सविंदाकर्मियों को 'राजस्थान कांट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स 2022' के तहत सविंदा पर रखा गया। नियम में वेतन आंशिक बढ़ाया गया, लेकिन सरकार ने नियमतिकरण के लिए कड़े कानून लगा दिए। नए नियमों के तहत उन्हें 5 वर्ष के अनुबंध पर रखा गया है। पांच सेवाकाल के बाद संविदा कर्मियों संबंधित विभाग से संतुष्टि पत्र के बाद ही आगे के लिए अनुबंध किया जाएगा।




> संविदा कर्मियों के स्थायीकरण के नाम पर कांग्रेस सरकार ने धोखा किया है और केवल तुष्टीकरण की नीति अपनाई है। सरकार ने सिर्फ अल्पसंख्यक विभाग के कर्मचारियों के लिए 6 वर्ष की विशेष छूट देकर नियमित कर दिया, लेकिन 15 वर्षो से कार्यरत विद्यार्थी मित्र-पंचायत सहायक, पंचायती राज, चिकित्सा विभाग के हजारों कर्मचारियों के साथ धोखा है, जिसका परिणाम कांग्रेस को चुनाव में देखने को मिलेगा। नए नियमों में संविदा से संविदा में डालना स्थायीकरण नही कहलाता है।
>
> **रामजीत पटेल,** प्रवक्ता संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा राजस्थान

### सर्विस ब्रेक से नहीं हो पाया 9 साल का अनुभव

आचार संहिता लगने से पहले 10 हजार से अधिक पदों पर नियमित किए गए संविदा कर्मियों को 9 साल का अनुभव जरूरी किया गया। ऐसे में शिक्षा सहित कई विभागों के संविदा कर्मियों के सेवा ब्रेक होने के कारण उनका अनुभव 9 वर्ष का नहीं हो पाया। अब नए नियमों के तहत 5 की सेवा पूर्ण होने पर ही नियमित किए जाएंगे, लेकिन सरकार ने संविदा कर्मियों की पुरानी सेवा कल की गणना आईएएस पैटर्न के अनुसार करने का नियम बनाया। इसमें 3:1 के आधार पर सेवा वर्ष की गिने जाएंगे। इसके तहत वहीं संविदा कर्मी नियमित होंगे जो पहले 15 साल की सेवा कर चुके हैं। ऐसे में केवल शिक्षा मित्र और पैराटीचर ही नियमित हो पाएंगे। इसके अलावा संविदा कर्मियों को वापस संविदा पर ही कार्य करना होगा।

## जरूरी खबर

### तीन हजार की घूस लेते महिला पटवारी गिरफ्तार



**सीकर।** जिला एसीबी टीम ने सेवद बड़ी की पटवारी उर्मिला फगेडिया को तीन हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी सीकर के डीवाईएसपी रविंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि परिवादी ने 4 अक्टूबर को दी में बताया था कि पटवारी उर्मिला फगेडिया नामांतरण दर्ज करने की एवज में 4 हजार रुपए मांग रही है। शिकायत सत्यपान के दौरान पटवारी ने एक हजार रुपए ले लिए। उर्मिला ने बचे हुए 3 हजार रुपए लेने के लिए परिवादी को शुक्रवार को सबलपुरा में साइंस कॉलेज परिसर में बुलाया। जहां टीम ने उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

### वाहन अधिग्रहण के बाद फरार लोगों पर मामला दर्ज

**भरतपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश से चुनाव कार्य में वाहन अधिग्रहण के बाद फरार चालकों पर मामला दर्ज किया गया है। वाहन संख्या RJ05 UA 6009 एवं RJ05 UA 8343 को अधिग्रहण कर विधानसभा चुनाव 2023 के कार्य के लिए आवंटित किया गया था। इन दोनों वाहनों द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी भरतपुर के निर्देशानुसार रिपोर्टिंग स्थल कलेक्ट्रेट में की गई थी। इसके बाद से दोनों वाहनों के चालक वाहन सहित फरार हो गए। इसके चलते चुनाव कार्य में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अब दोनों वाहन चालकों के खिलाफ राजकार्य में बाधा का मामला मथुरा गेट थाने में दर्ज कराया गया है।

### शराब की 6 भट्टियां तोड़ी, पांच हजार लीटर वाश नष्ट




**भरतपुर।** डीग जिला पुलिस लगातार हथकड़ शराब के खिलाफ कार्रवाई करने में लगी हुई है। शुक्रवार को भी कुम्हेर थाना पुलिस ने हथकड़ शराब बनाने वाले माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शराब बनाने की भट्टियों को तोड़ा और 5 हजार लीटर वाश नष्ट कर दिया। इस दौरान शराब बनाने वाले सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। मुखबिर की सूचना पर कुम्हेर पुलिस छापर मोहल्ले में पहुंची। कुम्हेर थाना अधिकारी महेंद्र सिंह राठी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। फिलहाल पुलिस मौके से फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

विधानसभा चुनाव में दमखम दिखाने को तैयार समाज के नेता, राजनीतिक दलों से उचित प्रतिनिधित्व मांगा

# ब्राह्मणों की अनदेखी पड़ सकती है भारी, समाज ने चेताया

■ महासभा की बैठक आयोजित

**बेधड़क** | सीकर

विधानसभा चुनावों के नजदीक आने के साथ ही एक ओर जहां राजनीतिक पार्टियों में टिकट वितरण को लेकर गहमागहमी तेज हो गई है। वहीं विभिन्न समाज भी राजनीतिक पार्टियों से उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग कर रहे हैं।

सामाजिक संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी भी चुनावों को लेकर अपनी-अपनी रणनीति तय करने में जुट गए हैं। इसी को लेकर सीकर में राजस्थान ब्राह्मण महासभा की ओर से समाज की बैठक आयोजित की गई। इसमें समाज को जनसंख्या के आधार पर राजनीतिक पार्टियों से उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग उठाई। संस्था के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम पांड्या ने रामदेव पैलेस में कहा कि सीकर की कई विधानसभा सीटों पर ब्राह्मणों को टिकट नहीं दिया गया। जबकि ये विधानसभा क्षेत्र ब्राह्मण बाहुल्य हैं। उन्होंने कहा कि समाज की इस अनदेखी का राजनीतिक पार्टियों को खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जनसंख्या के आधार पर टिकट दिए जाने चाहिए।




### अनदेखी पर बनाएंगे विरोध की रणनीति

जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम पांड्या ने कहा कि राजनीतिक पार्टियां प्रदेश के 45 ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्रों में ब्राह्मण समाज के उम्मीदवारों को ही अपना प्रत्याशी घोषित करें और टिकट दें। अगर पार्टियों ने ब्राह्मण बाहुल्य सीटों पर अन्य वर्ग विशेष का उम्मीदवार घोषित किया तो महासभा विरोध की रणनीति अपनाने के लिए तैयार रहेगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारतीय जनता पार्टी ने सीकर जिले के ब्राह्मण बाहुल्य फतेहपुर व लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अन्य समाज के लोगों को प्रत्याशी घोषित किया है। इसको लेकर समाज के लोगों में आक्रोश है। फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों को टिकट नहीं मिलने से ब्राह्मण खुद को ठगा महसूस कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज हर वर्ग के भले और कल्याण की कामना करता है। राजनीतिक पार्टियां समाज को अनदेखा करते हुए टिकट वितरण करेंगी तो समाज को भी इसके लिए सोचना पड़ेगा।

### 200 सीटों पर समाज का सीधा असर

पांड्या ने राजनीतिक दलों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आने वाले समय में राजनीतिक दलों ने ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र के ब्राह्मण उम्मीदवारों टिकट नहीं दिए तो पार्टियां इसका खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहें, क्योंकि प्रदेश की सभी 200 विधानसभा सीटों पर ब्राह्मण समाज के लोगों का सीधा असर है। ब्राह्मण समाज अपने साथ हो रहे अन्याय को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अगर राजनीतिक पार्टियों ने ब्राह्मणों को टिकट नहीं दिए तो पार्टियों को विपरीत परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। महासभा की इकाइयां प्रदेशभर में बड़े पैमाने पर सक्रिय हैं।

बचने के लिए चाचा-ताऊ के परिवार पर कराया झूठा मामला दर्ज

# प्रॉपर्टी के लिए बेटे ने की बीमार पिता की गोली मार कर हत्या

■ पुश्तैनी जमीन के हिस्से की रजिस्ट्री नहीं कराने से था नाराज, चचरे भाई से किया झगड़ा

**बेधड़क** | भरतपुर

जिले के गढ़ीबाजना थाना इलाके के मांगरैन कलां गांव में बाप-बेटे के रिश्ते को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है। बेटे ने अपने ही पिता की गोली मारकर हत्या कर दी और फिर चाचा-ताऊ के परिवार के खिलाफ पुलिस थाने में झूठा मामला दर्ज करा दिया।

पुलिस ने अब हत्या का राज फाश करते हुए शुक्रवार को कातिल बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी बेटे ने ही सीने में गोली मारकर पिता की हत्या की थी। आरोपी अनूप सिंह (23) को पिता श्रीभान (70) की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बेटे ने चाचा-ताऊ और उनके लड़कों को फंसाने के लिए उन पर पिता श्रीभान की हत्या का आरोप लगाते हुए झूठा केस दर्ज कराया था।

जानकारी के अनुसार आरोपी परिवार के चाचा-ताऊ से पुश्तैनी जमीन के हिस्से की रजिस्ट्री नहीं कराने को लेकर नाराज चल रहा था। इसलिए उसने षडयंत्र रचकर चचेरे भाई के साथ झगड़े का रूप देकर बीमार पिता की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

आरोपी ने मामले में पुलिस को गुमराह करने का बहुत प्रयास किया। चाचा-ताऊ के परिवार को फंसाने के लिए झूठा मामला दर्ज करा दिया।




### बयानों में विरोधाभास से हुआ शक

एसएचओ मुकेश गुर्जर ने बताया कि मामले की जांच के दौरान अनूप सिंह, घायल चाचा मांगेलाल और परिवार के अन्य लोगों के बयानों में विरोधाभास होने पर शक हुआ। तकनीकी सहायता और आस-पास के ग्रामीणों से गोपनीय तरीके से जानकारी जुटाने पर चौकाने वाली बात सामने आई। पता चला कि जमीन की रजिस्ट्री को लेकर अनूप सिंह ने चाचा-ताऊ और उनके लड़कों के खिलाफ हत्या का झूठा मामला केस दर्ज कराया है, जबकि पिता श्रीभान की गोली मारकर हत्या उसने ही की थी। सबूत मिलने पर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी अनूप सिंह ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

### पुश्तैनी जमीन को लेकर था विवाद

गढ़ी बाजना एसएचओ मुकेश गुर्जर ने बताया कि गांव मांगरैन कलां में पुश्तैनी जमीन को लेकर एक ही परिवार के श्रीभान गुर्जर और उदयभान गुर्जर में विवाद चल रहा था। 7 सितंतर की रात करीब 8:30 बजे श्रीभान के बेटे अनूप सिंह ने योजना के तहत चाचा उदयभान के लड़के बृजमोहन से झगड़ा किया। इसके बाद अनूप ने घर के बाहर चबूतरे पर बैठे अपने बीमार पिता श्रीभान के सीने में गोली मार दी। घायल श्रीभान की 9 सितंबर को जयपुर के एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अनूप सिंह ने हत्या का आरोप अपने चाचा-ताऊ और उनके लड़कों बृजमोहन, अचली, एसवीर, बिज्जो, विक्रम, चंद्रभान, सुनील, शेरसिंह पर लगाते हुए केस दर्ज कराया। एफआईआर में अनूप ने सभी लोगों पर लाठी-डंडों से हमला कर पिता की हत्या करने की बात कही। साथ ही एक चाचा मांगेलाल को भी घायल होना की बात कही।

ट्रक चालक को किया गिरफ्तार

# गुजरात ले जाई जा रही 60 लाख की अवैध शराब पकड़ी



**बेधड़क** | कोटा

जिले की ग्रामीण पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। गुरुवार देर रात नाकाबंदी के दौरान 60 लाख रुपए की अवैध शराब ले जाते हुए एक ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। ट्रक में दूध बनाने की मशीन थी और चालक के पास इसकी ही बिल्टी थी।

कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि अवैध रूप से शराब उण्डवा होते हुए मध्यप्रदेश ले जाई जाएगी। इस सूचना के बाद नाकाबंदी की गई। इस दौरान एक ट्रक को रोका गया। इसके बाद ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें 615 कर्टन शराब भरी हुई थी। ट्रक चालक इसके बारे में संतोषजनक जवाब नहीं देने और दस्तावेज नहीं दिखाने पर गिरफ्तार कर लिया गया। एसएचओ बेरवाल ने बताया कि चंपालाल ने यह शराब पंजाब से लेकर आने और के वडोदरा में डिलीवरी देना बताया। पुलिस शराब तस्करों का नेटवर्क खंगाल रही है।

### ग्राइंडर से काटा

रामगंजमंडी के थानाधिकारी मनोज बेरवाल ने बताया कि ट्रक से अल्कोहल की बदबू आने के बाद चालक से सख्ती से पूछताछ की गई। इससे चालक चंपालाल घबरा गया। बाद में ट्रक का तिरपाल हटाकर चैक किया गया, तो पीछे की तरफ एक बड़ा कंटेनर था। इसको ग्राइंडर से कटवाया गया तो इसमें अवैध अंग्रेजी शराब के कर्टन भरे मिले।

राजस्थान हाई कोर्ट ने अधिकारियों को जारी किया नोटिस

# वकीलों के चैंबर में अघरेलू श्रेणी के बिजली बिल पर जवाब तलब

**बेधड़क** | जोधपुर

राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश विजय विश्नोई और न्यायाधीश योगेन्द्र कुमार पुरोहित ने न्यायालय परिसर में अभिवक्ताओं के चैंबर में बिजली बिल की राशि अघरेलू श्रेणी से वसूले जाने पर बिजली विभाग के अधिकारियों को जवाब तलब किया है।

इसके लिए ऊर्जा सचिव, डिस्कॉम और जेवीवीएनएल के प्रबंध निदेशक, राजस्थान उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और जयपुर विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस मामले की आगामी तारीख 22 नवंबर तय की गई है। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रणजीत जोशी ने अधिवक्ता अनिल



भंसाली, अनिल भंडारी, बीडी दाधीच, समीर श्रीमाली और दिनेश चौधरी के माध्यम से जनहित याचिका दायर कर कहा कि राज्य के अधिवक्ताओं को चार-चार के समूह में न्यायालय परिसर में चेंबर कई शर्तों के साथ आवंटित किया जाता है।

इसमें चेंबर खोलने और बंद करने की समय सीमा भी निर्धारित की हुई है। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग ने अधिवक्ता चैंबर को व्यवसायिक श्रेणी में रखकर गलत किया है।

एएसपी ने स्टूडेंट्स को तनाव मुक्त रहने के लिए किया प्रेरित

# अपने हुनर व काबिलियत को पहचानो

**बेधड़क** | कोटा

कोचिंग सिटी में स्टूडेंट्स की मदद के लिए बनाई गई हेल्प लाइन उन्हें मोटिवेट करने का काम लगातार कर रही है। इसके तहत एएसपी ठाकुर चंद्रशील भी विद्यार्थियों से लगातार संपर्क कर उनसे संवाद कर रहे हैं। शुक्रवार को लैंडमार्क सिटी में उन्होंने कोचिंग स्टूडेंटस के बीच पहुंचकर उन्हें मोटिवेट किया। इस दौरान उनके साथ डीएसपी खींव सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे।

उन्होंने बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा कि जरूरी नही है कि आप डॉक्टर ही बनो। भगवान आपको आईएएस, बिजनेसमैन, आईपीएस



बनाना चाहते हो और आप यहां सिर्फ एक ही टारगेट लेकर बैठे हो। इसलिए अपनी इच्छा, अपने हुनर और काबिलियत को भी पहचानो। यहां आप मेहनत कर रहे हो, सिलेक्शन नही हुआ तो कोई बात नही। उस बात को लेकर टेंशन में मत आओ क्योंकि उससे और अच्छा आपके लिए आगे हो सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमारे हाथ में मेहनत करना है, लेकिन मुकद्दर हमारे हाथ में नहीं है। किस्मत हमें कहां ले जाना चाहती है, यह हम नहीं जानते। इसलिए छोटी-छोटी बातों को लेकर टेंशन लेने की जरूरत नही है। जो पढ़ाई आप कर रहे हैं और आपसे नही होता तो घरवालों को साफ कहो। अपनी इच्छा बताओ, घरवाले समझेंगे। उन्होंने बच्चों से परेशानियों को लेकर भी जानकारी ली।

एएसपी ने हॉस्टल मालिकों के साथ लैंडमार्क सिटी में चर्चा की। पुलिस अधिकारियों ने हॉस्टल संचालकों को कोटा में कोचिंग करने वाले विद्यार्थियों के माता-पिता एवं अभिभावक के तौर पर घर जैसा माहौल देकर उनकी देखभाल करने की सलाह दी।

भाजपा नेता लखावत ने चुनाव प्रबंधन को लेकर की चर्चा

# मोदी ने हर वर्ग को दी राहत, तभी वे दुनिया में शिखर पर

**बेधड़क** | अलवर

प्रदेश भाजपा अनुशासन समिति के चेयरमैन ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी वर्ग के लोगों के लिए बड़े काम किए हैं, तभी तो वे आज दुनिया में शिखर पर हैं।

लखावत शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। यहां कार्यकर्ताओं से चुनावी चर्चा के बाद वे मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने राजस्थान सरकार और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर जुबानी हमला बोला। लखावत ने कहा कि सीएम अशोक गहलोत से राजस्थान नहीं संभल रहा है। इसलिए उनकी मोदी से तुलना करना तर्कसंगत नहीं है।




गहलोत सरकार में पेपर लीक होते रहे और आरपीएससी के जिम्मेदार अधिकारी यह सब करते रहे, यह गहलोत सरकार की बड़ी असफलता रही। उन्होंने कहा कि पेपरलीक से हजारों युवाओं के सपनों पर पानी फिर गया। प्रदेश कांग्रेस सरकार की विदाई के लिए एक यही मुद्दा काफी है। टिकट को लेकर पार्टी में चल रहे विरोध पर लखावत ने कहा कि टिकट के दावेदारों की संख्या ज्यादा है। जहां भी विरोध की बात आती है तो बातचीत करते हैं। कार्यकर्ता अपनी बात बताते हैं और बातचीत से समाधान हो जाता है। उन्होंने कहा कि किसी कार्यकर्ता ने कोई बात कही है तो वह उसका सुझाव भी हो सकता है। जरूरी नहीं है कि हर बात अनुशासन भंग हो। अच्छा सुझाव होने पर मान लिया जाता है।

### पार्टी में सबको अपनी बात रखने का हक

कांग्रेस की ओर से भाजपा में बोलने की आजादी नहीं के आरोप पर लखावत ने कहा कि पार्टी में सभी को अपनी बात रखने की आजादी है। उचित समय और स्थान पर हर कार्यकर्ता अपनी बात रख सकता है। किसी की कोई शिकायत है तो उसका भी समाधान होता है। वहीं किसी को कोई सुझाव देना है तो उसे भी सुना जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा में शालिनता से अपनी बात कहने का सबको हक है। कांग्रेस की भाषा में हमारे यहां बात नहीं होती है। हमारे यहां भाषा ठीक होनी चाहिए। बीजेपी के वही मुद्दे हैं जो सामने आ चुके हैं। उन्हीं को लेकर चुनाव लड़ेंगे।

### गहलोत की मोदी से कोई तुलना नहीं

राजस्थान में अशोक गहलोत और मोदी पर चुनाव केन्द्रीत होने की बात पर लखावत ने कहा कि अशोक गहलोत और पीएम मोदी की कोई तुलना नहीं है। सीएम गहलोत से प्रदेश की ही व्यवस्था नहीं सफल पा रही है। राजस्थान में अपराध लगातार बढ़ा है वहीं महिला अपराधों में तो राजस्थान आगे है। उन्होंने कहा कि आज मोदी दुनिया में शिखर पर हैं। वहीं गहलोत को अपने ही प्रदेश में संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा दोनों की तुलना करना सही नहीं है। हम लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ रहे हैं।

आहता नूर परिसर में हुआ आयोजन

# इजराइल-फिलिस्तीन की जंग खत्म होने की दुआ

**अजमेर।** फिलिस्तीन के इजराइल पर रॉकेट दागने के बाद दोनों देशों के बीच शुरू हुई जंग अब खौफनाक रूप ले चुकी है। अब तक हजारों लोग काल का ग्रास बन चुके हैं। निर्दोष महिला-पुरुषों और बच्चों की जान चली गई है। इजराइल लगातार फिलिस्तीन पर हमला कर रहा है। ऐसे में फिलिस्तीन को इस युद्ध में काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

वहीं फिलिस्तीन की मस्जिद अल अक्सा को बचाने के लिए कई देशों में रह रहे मुस्लिम समाज के लोग आवाज उठा रहे हैं। शुक्रवार को अजमेर शरीफ दरगाह में गरीब नवाज से फिलिस्तीन में जल्द अमन शांति कायम होने और



जल्द जंग खत्म होने की दुआ मांगी गई। अजमेर दरगाह के खादिमों की अंजुमन सैय्यद जादगान के तत्वावधान में जुमे की नमाज के बाद दरगाह के आहता नूर परिसर में ये जलसा रखा गया। बड़ी संख्या में लोगों ने फिलिस्तीन में अमन-चैन कामय होने की दुआ की। अंजुमन के सचिव सैय्यद सरवर चिश्ती ने कहा कि अल अक्सा मस्जिद दुनिया भर के मुसलमानों की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है।



चुनावी पोळ

मिटिंग मिटिंग रा खेल मै,
टिकटां पर घमासान।
धनबळ, भुजबळ, जातिबळ,
जुड़्यां राह आसान।।

■ गजानन

सीधे फील्ड से

जयपुर नगर निगम से 30 साल में निकले अब तक महज 5 विधायक

# शहर में तो चमकते हैं, पर प्रदेश में पीछे रह जाते हैं नगर निगम के 'नेताजी'

## दोनों ही पार्टियां करती हैं टिकट देने में गुरेज, अब तक सिर्फ 8 को मिले टिकट



**बेधड़क।** जयपुर

राजनेताओं के विधानसभा तक पहुंचने का रास्ता स्थानीय स्तर के चुनावों से होकर निकलता है। विभिन्न स्तर के चुनावों में नगर निगम से लेकर विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव तक अहम स्थान रखते हैं। विश्वविद्यालय के चुनाव अभी बंद हैं लेकिन अकेले राजस्थान विश्वविद्यालय ने प्रदेश की राजनीति में 20 से ज्यादा नेता दिए हैं। राजेन्द्र राठौड़, प्रतापसिंह खाचरियावास, महेश जोशी, हनुमान बेनीवाल, कालीचरण सराफ, अशोक लाहोटी सहित कई बड़े नेता विश्विविद्यालय की राजनीति से निकले हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी अपना राजनीतिक सफर विश्वविद्यालय की राजनीति से ही शुरू किया था। दूसरी ओर नगर निगम से प्रदेश की सियासत की सीढ़ियां चढ़ने वालों की तादाद कम ही है। अकेले जयपुर नगर निगम की बात करें तो करीब 30 साल के इतिहास में सिर्फ पांच नेता ही विधानसभा में पहुंच पाए हैं। इन तीस सालों में नगर निगम में 500 से अधिक पार्षद बने लेकिन इनमें से विधायक सिर्फ पांच ही चुने गए। इनमें से भी दो नेता ऐसे हैं जो मेयर बनने के बाद विधायक का चुनाव लड़ पाए और उसमें जीते। अब तक के इतिहास में जयपुर नगर निगम से पार्षद चुने गए नेताओं में से सिर्फ 8 नेताओं को एमएलए का टिकट मिला है, जिनमें से पांच विजेता रहे। यह पांचों भाजपा के टिकट पर विधानसभा पहुंचे हैं। अब तक कोई भी निर्दलीय या कांग्रेस का पार्षद एमएलए नहीं बना है। नगर निगम की राजनीति एग्रेसिवनेस के लिए जानी जाती है क्योंकि यहां के नेता लोकल लेवल पर लोगों से जुड़े होते हैं। ऐसे में निगम के पार्षदों का विधायक पद तक ना पहुंच पाना सवाल खड़े करता है।

### नगर निगम से इनकी चमकी राजनीति



● नगर निगम के मेयर रहे मोहन लाल गुप्ता किशनपोल से विधायक चुने गए।



● प्रथम बोर्ड में ही पार्षद रहे मानसिंह परबतसर-नागौर से विधायक बने।



● नगर निगम के पार्षद रहे सुरेंद्र पारीक हवामहल क्षेत्र से विधायक बने।



● नगर निगम के मेयर रहे अशोक परनामी आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।



● नगर निगम के मेयर रहे अशोक लाहोटी अभी सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

### इस बार दोनों दलों में कई दावेदार

इस बार के चुनाव में दोनों ही पार्टियों से कई पार्षदों ने अपने अपने क्षेत्र के लिए टिकट मांगे हैं। इनमें पहले चुनाव लड़ चुके नेताओं के साथ ही ऐसे भी पार्षद शामिल हैं जो पहली बार ही पार्षद बने हैं। ये नेता अपने क्षेत्र में किए गए कामों व समर्थकों के आधार पर टिकट का दावा कर रहे हैं।

### इन नेताओं ने आजमाया भाग्य

नगर निगम की पूर्व महापौर शील धाभाई ने कोटपूतली से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था पर वे सफल नहीं हो पाईं। कांग्रेस पार्षद रही अर्चना शर्मा मालवीय नगर से व विक्रम सिंह शेखावत विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से भाग्य आजमा चुके हैं, लेकिन वे चुनाव नहीं जीत पाए। पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल को कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में उतारा था पर वे भी जीत नहीं पाईं।

### सफलता न मिलने के ये हैं बड़े कारण

#### आकाओं की महत्वाकांक्षा

पार्षद के लिए टिकट मिलना-ना मिलना अधिकांश बार स्थानीय विधायक की मेहरबानी पर निर्भर करता है। हर विधायक के क्षेत्र में कई सारे पार्षद आते हैं। ऐसे में जब विधायक के लिए टिकट मिलने की बारी आती है, तो विधायक अपनी सीट छोड़ना नहीं चाहते और पार्षद को सीधा अपने विधायक से कंपीटिशन करना होता है, इसके चलते उन्हें टिकट मिलना मुश्किल होता है।

#### सीमित समर्थन, सीमित अप्रोच

पार्षद जिस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है, उसकी सीमाएं बहुत सीमित होती हैं। वोटर्स सीमित होते हैं। अगर कोई जातिगत समीकरण हों तो वह भी सीमित होते हैं। ऐसे में उनके पास समर्थकों की संख्या भी सीमित होती है जो उनके लिए टिकट मांगने के लिए ताकत दिखा पाएं। इन सीमाओं के चलते पार्षद अपने आपको जिताऊ उम्मीदवार के तौर पर प्रस्तुत नहीं कर पाते।




बिहाइंड द कर्टेन

## अब हाथ से लगेगा जोर का धक्का

फूल वाली पार्टी की पहली सूची में कई दिग्गजों को जोर का झटका धीरे से लग चुका है। अब बारी हाथ वाली पार्टी की है। टिकटों पर चले मंथन के बाद पहली सूची बाहर आने की तैयारी की जा रही है। हालांकि इस मामले में हिंदूवादी पार्टी से हाथ वाली पार्टी पिछड़ी हुई नजर आई लेकिन परम्परा और रिवाज के हिसाब से श्राद्धों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। या यूं कहें कि मंथन जो शुरू हुआ है वो खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यायावर को खबर मिली है कि हाथ वाली पार्टी की पहली सूची में दिग्गजों के नाम शामिल होंगे लेकिन कई दिग्गजों के नाम पर पैन भी चल गया है। पार्टी आलाकमान टिकट काटने से पहले इन्हें इशारा भी कर देगा लेकिन भाई लोगों का क्या है, पार्टी कितने भी इशारे कर ले, पाला तो देंगे ही क्योंकि पिछली बार भी हाथ को छोड़ कर सभी दलों के दलदल से दूर रहे कई भाईयों ने बाजी मार ली थी और वो सत्ता सुख भोगा जो पार्टी के भाइयों को भी नसीब नहीं हुआ। दिल्ली से मिल रहे सिग्नलों से पता चल रहा है कि कम से कम दर्जन भर मंत्री बने भाइयों की टिकट पर तलवार चलना तय है। हाथ वाली पार्टी की सितंबर की मोहलत तो खत्म हो गई है। अब अगली तारीख 18 अक्टूबर मानी जा रही है। बाकी तो तब मानें जब सूची का मेल प्रदेश के दफ्तर में पहुंच जाए।

■ यायावर

ई वॉर



BJP Rajasthan @BJP4Rajasthan · 6h
गहलोत सरकार की गलत नीतियों का ही परिणाम है कि आज देशभर सबसे अधिक बेरोजगारी दर राजस्थान में है।

Rajasthan PCC @INCRajasthan
राजस्थान मांगे प्रोग्रेस
100% आएगी कांग्रेस

राजस्थान की जनता का विकास और कांग्रेस में विश्वास है, कांग्रेस पार्टी 100 प्रतिशत रिवाज बदलेगी।

भाजपा डरी हुई है, इसीलिए सांसदों को मैदान में उतार रही है। लेकिन नाकाम सांसदों को उतारने से क्या होगा? जिन्होंने काम ही नहीं किया जनता उन्हें पहले ही नकार चुकी है। : श्री

थड़ी पॉलीटिक्स

## सरकार सूं बैर कोन्या एमएलए तेरी खैर कोन्या

**स्थान** नारायण सिंह तिराहा, जयपुर

**समय** रात 12:00 बजे



*अरै भाया अबकै थारा इलाका सूं कुण आर् यो छ।" रात के करीब 12 बजे हैं। नारायण सिंह तिराहे पर चारों ओर गाड़ियों की चिल्ल पौं मची है। कहने को आधी रात है लेकिन लगता है सारे शहर के लोग बसों में सवार होकर कहीं भाग रहे हैं। रात के समय इस तिराहे पर बसों का भारी जमावड़ा रहता है जिससे पूरा इलाका मशीनी शोर में डूब जाता है। इस मशीनी शोर को आजकल चुनावी शोर टक्कर दे रहा है। दिन हो या रात, जहां भी दो-चार लोग गपशप के मूड में होते हैं तो चर्चा चुनाव पर ही आकर अटक जाती है। इस तिराहे से रात को अपना सफर शुरू करने से पहले एक चाय की थड़ी पर चाय की चुस्कियां ले रहे तीन-चार युवाओं की इस चर्चा को सुन हमारे कदम ठिठक गए। अगले विधायक को लेकर एक ग्रामीण युवा ने जिज्ञासा जाहिर की तो सामने से जवाब आया-" जो टिकट लेकर आवैगो, वो ही जीतैगो। ऐसो नेता तो अब कोइ कोना जो बिना पार्टी का सहारा कै जीत जाय। पार्टी तो कोई न भी तिलक लगार भेज देगी वो जीत जायगो।" व्यक्ति केंद्रित राजनीति के बजाय पार्टी केंद्रित होते जा रहे वर्तमान दौर पर प्रकाश डाला तो सामने से तीसरे ने इसकी काट निकाली-"अरै पार्टी की बात तो ठीक छ, पर आदमी काम भी तो करै कुछ। अबकै म्हारा इलाका मं तो एक ही बात चल री छै, सरकार सूं बैर कोन्या अर एमएलए तेरी खैर कोन्या। अब देखो कुण नैं टिकट मिलैगो। टक्कर जोरदार होणी छै।" इस चर्चा से दोनों ही पार्टियों के सामने खड़ी उम्मीदवार चुनने की विकट समस्या का अंदाजा लग गया था। चर्चा के बीच ही तीनों की चाय भी खत्म हो गई और बस भी आ गई। हम भी नए रुझान की तलाश में यहां से चल दिए।*

■ नरेन्द्र शर्मा

पॉली क्लिक्स





यह रेला किसी प्रत्याशी की चुनावी रैली का नहीं बल्कि एक उम्मीदवार के विरोध का है। सांचौर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की ओर से सांसद देवजी पटेल को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद विरोध चरम पर है। पूर्व प्रत्याशी दानाराम चौधरी और पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी की अगुवाई में यहां प्रत्याशी बदलने की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। जनसभा में दानाराम चौधरी ने रोते हुए पटेल पर कई आरोप लगाए।

पॉली टून




चुनावी इतिहास के झरोखे से



■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

# डीग में पुलिस की गोली से गई थी चुनाव लड़ रहे मानसिंह की जान

आठवीं राजस्थान विधानसभा के चुनाव के लिए दो घटनाक्रम याद किए जाएंगे। ये दोनों प्रसंग प्रथम राज्य विधानसभा में निर्वाचित राजनेताओं के जीवन से जुड़े हुए हैं। एक राजनेता हैं- भैरों सिंह शेखावत और दूसरे तत्कालीन भरतपुर रियासत के राजा मानसिंह। शेखावत तीन बार राज्य के मुख्यमंत्री रह कर उपराष्ट्रपति पद पर आसीन हुए, वहीं राजा मानसिंह अपने जीवन का आठवां चुनाव जीतने से पहले ही इस दुनिया से चले गए।

कृषक लोक पार्टी (केएलपी) के प्रत्याशी के नाते राजा मानसिंह ने अपनी चुनावी यात्रा भरतपुर जिले के कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र से 1952 में में आरम्भ की। उन्होंने 75.72 प्रतिशत मत प्राप्त किए जो उनकी चुनावी यात्रा का कीर्तिमान बन गया। 1957 में उन्होंने वैर से और 1962 में डीग से जीत हासिल की। अगले सारे चुनाव उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर जीते।

आठवीं विधानसभा के चुनाव के लिए राजा मानसिंह ने 1985 में डीग से चुनाव लड़ा। चुनाव प्रचार के दौरान दो समर्थकों के साथ पुलिस गोली का शिकार होने से उनकी मृत्यु हो गई। मानसिंह के कानूनी कार्यों में सहयोगी एडवोकेट कश्मीरी लाल अरोड़ा के अनुसार

वर्ष 1985 के चुनाव में डीग किले पर झंडा लगाए जाने के पश्चात 19 फरवरी को किन्हीं अज्ञात तत्वों ने उन्हें फेंक दिया अथवा जला देने की घटना से विवाद उत्पन्न हो गया। पुलिस प्रशासन को शरारती तत्वों की गिरफ्तारी की मांग पूरी नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर 20 फरवरी को डीग में प्रचार के लिए हैलीपेड पर उतरे। आपातकाल के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी 1976 में डीग आई थी तब मैं जयपुर से गई प्रेस पार्टी में शामिल था। उधर राजा मान सिंह की रैली निकल रही थी। कांग्रेस की सभा लक्ष्मण मंदिर चौक पर थी। माथुर सभा के लिए रवाना हुए। रैली शहर में आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी।

ट्रेक्टर ट्रॉली में बम रसिया (नगाड़े का विशाल स्वरूप), हारमोनियम-ढोलक की तान पर नाचते गाते, नारे लगाते समर्थकों का जोश देखते ही बनता था। अचानक रैली के आगे चल रही जीप विद्यालय की ओर मुड़ गई। मानसिंह ने विपिन कैरियर रूपी सैन्य वाहन चलाते हुए हैलीकॉप्टर को क्षतिग्रस्त कर दिया।

इस हादसे की सूचना मिलते ही सभा में भगदड़ सी मच गई। उधर रैली पुराने बसस्टैण्ड, नई सड़क होते हुए सभा स्थल की ओर गई। इससे पहले मुख्यमंत्री माथुर जल्दी भाषण पूरा कर डाक बंगला पहुंच गए। पुलिस में एफआईआर दर्ज होने के साथ मानसिंह की गिरफ्तारी के निर्देश हुए। मानसिंह निकटवर्ती गांवों की ओर कूच कर गए। रात्रि में उन्होंने अपने समर्थकों से सलाह मशविरा किया। भरतपुर से आए वकील किशन शरण सिंह और गंगासिंह धनकड़ को अग्रिम जमानत लेने के लिए कहा गया। जन आंदोलन कर गिरफ्तारी के बारे में चर्चा हुई।

**मानसिंह की मौत के बाद बेटी को मिले थे 97.13% वोट:** अगले दिन सुबह 21 फरवरी को पुनः रैली निकाली गई। पुलिस सीओ नरेन्द्र सिंह भारी पुलिस दल के साथ पैदल थे। पुलिस जीप चालक महेन्द्र ने अनाज मंडी के पास मान सिंह के वाहन के आगे जीप अड़ा दी। दोनों वाहन ऐसे भिड़े कि कोई आगे पीछे नहीं हो रहा था। तभी सीओ भाटी ने मानसिंह को गिरफ्तारी के लिए कहा। उन्होंने भाटी को कहा कि आप पुलिस कोतवाली चलो मैं वहीं आकर गिरफ्तारी दूंगा। इस पर जिद होने लगी।

इतने में सिपाही नेकीराम ने अपनी राइफल की संगीन मानसिंह की गाड़ी के टायर में मारी। वह संगीन ऐसी फंसी कि बाहर नहीं निकल पा रही थी। आरएसी का एक जवान मदद को आया। जोर आजमाइश में इधर राइफल चल गई उधर टायर के बर्स्ट होने की आवाज आई। पुलिस ने समझा वाहन से गोलियां चल रही हैं तो पुलिस ने भी गोली दागी जिससे राजा मानसिंह और उनके साथ की सीट पर बैठे सैती गांव के हरीसिंह व सुमेर सिंह की मौके पर मृत्यु हो गई। पिछली सीट पर बैठे दामाद नीचे झुकने से बच गये। पुलिस तथा मानसिंह के बीच झड़प के दौरान एक पुलिसकर्मी ने पीछे बैठे वकील कश्मीरी लाल अरोड़ा का पीछे से कॉलर पकड़कर प्रभात मंडी में फैले सरसों की ढेरी पर पटक दिया। गोली चलने से अफरा तफरी मच गई। दोपहर में क्रोधित लोगों के प्रदर्शन पर पुलिस ने बल प्रयोग किया।

गोलियां भी चली। उधर पुलिस तीनों शवों को भरतपुर पुलिस लाइन ले गई। बाद में मोती झील कोठी पर राजा मानसिंह का अंतिम संस्कार किया गया। उनके विदेशी नस्ल के कुते ने भी खाना पीना छोड़ दिया और उसकी मौत हो गई। दोनों के स्मारक वहीं बने हुए हैं। जयपुर भरतपुर आगरा रेल मार्ग पर भरतपुर स्टेशन से पहले इन्हें देखा जा सकता है। डीग उपचुनाव में राजा मानसिंह की पुत्री कृष्णेन्द्र कौर दीपा को 97.13 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट देकर मानसिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

विश्व प्रवासी पक्षी दिवस विशेष

# प्रवासी पक्षियों का संरक्षण जरूरी



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आज विश्व प्रवासी पक्षी दिवस है। वर्ष 2006 में विश्व प्रवासी पक्षी दिवस की स्थापना के बाद से यह दिवस वर्ष में दो बार मई और अक्टूबर माह के दूसरे शनिवार को दुनिया भर में मनाया जाता है। विश्व प्रवासी पक्षी दिवस एक वार्षिक जागरूकता अभियान है जिसका उद्देश्य प्रवासी पक्षियों और उनके आवासों की संरक्षण की जरूरत पर प्रकाश डालना है। इस आयोजन के तहत प्रवासी पक्षियों उनके पारिस्थितिक महत्व और उनके समक्ष मौजूद चुनौतियों के प्रति जनमानस को जागरूक किया जाता है। इसे संयुक्त राष्ट्र की दो संधियों 'वन्यजीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर सम्मेलन एवं अफ्रीकन-यूरेशियन वॉटरबर्ड एग्रीमेंट और एक गैर-लाभकारी संगठन एनवॉयरमेंट फॉर द अमेरिका के बीच एक सहयोगात्मक संयुक्त रूप से मनाया जाता है। भारत प्रवासी पक्षियों मसलन साइबेरियन क्रेन, ग्रेटर फ्लेमिंगो और डेमॉस्सेल क्रेन जैसे पक्षियों के लिए घर जैसा है।

ये अति सुंदर व मनमोहन प्रवासी पक्षी हर वर्ष सर्दियों और गर्मी के मौसम में भोजन, प्रजनन और घोंसले के शिकार के लिए भारत आते हैं। पक्षियों के बीच कई अलग-अलग प्रवासन देखने को मिलता है। अधिकांश पक्षी उत्तरी प्रजनन क्षेत्रों से दक्षिणी सर्दियों के मैदानों की ओर रुख करते हैं। हालांकि कुछ पक्षी अफ्रीका के दक्षिणी हिस्सों में प्रजनन करते हैं और सर्दियों में उत्तरी मैदान या क्षैतिज रूप से पलायन करते हैं। भारत कई प्रवासी पक्षियों का अस्थायी निवास स्थान है। भारतीय उपमहाद्वीप प्रमुख पक्षी फ्लाइवे नेटवर्क का भी अहम हिस्सा है। यह मध्य एशियाई फ्लाइवे आर्कटिक और भारतीय महासागरों के मध्य के क्षेत्रों को कवर करता है। सुखद पहलू यह है कि भारत ने मध्य एशियाई फ्लाइवे के तहत प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण हेतु राष्ट्रीय कार्ययोजना शुरू की है। इसलिए कि भारत प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर अभिसमय का एक पक्षकार है। गौर करें तो सर्दियों के मौसम में तो भारतीय उपमहाद्वीप के विशेष क्षेत्र मसलन झील, आद्र्रभूमि या बैकवाटर प्रवासी पक्षियों का बसेरा बन जाता है, लेकिन चिंता की बात यह है कि भारत में प्रवासी पक्षियों के साथ-साथ अन्य पक्षियों की आबादी तेजी से घट रही है। वर्ष 2020 में संयुक्त राष्ट्र की 'स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स' की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में 79 प्रतिशत पक्षियों की तादाद घट गई है।

यह रिपोर्ट इसलिए विश्वसनीय है कि 867 प्रकार के पक्षियों का अध्ययन कर उनके दीर्घावधि (25 साल) और लघु अवधि (5 साल) के आंकड़े जुटाए गए तब इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया। रिपोर्ट के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिन 261 प्रजातियों के दीर्घावधि आंकड़े सामने आए हैं, उनमें 52 प्रतिशत की तादाद वर्ष 2000 से लगातार घटी है। इसी तरह जिन 146 प्रजातियों के लघु अवधि के आंकड़ों का विश्लेषण हुआ है उनमें से 80 प्रतिशत की तादाद कम हुई है। यानी गौर करें तो कुल मिलाकर 50 प्रतिशत की संख्या तेजी से गिरी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि तकरीबन 10 प्रतिशत प्रजातियों की स्थिति बेहद चिंताजनक है और इन्हें खास संरक्षण की जरूरत है। आंकड़ों के मुताबिक तेजी से गिरावट वाले पक्षियों में शिकारी पक्षी व प्रवासी समुद्री पक्षी पिछले दशकों में सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं, पर अच्छी बात यह है कि विगत वर्षों से गौरैया की संख्या स्थिर रही है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले ढाई दशकों में गौरैया की संख्या में कोई विशेष कमी नहीं आई है। हालांकि दिल्ली, मुंबई समेत आधा दर्जन शहरों में इनकी संख्या घटी है। देश में प्रवासी पक्षियों का आना भी कम हो रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में ओखला बर्ड सेंचुरी में प्रवासी पक्षियों का आगमन लगातार कम हो रहा है। पक्षी विज्ञानियों की मानें तो बर्ड सेंचुरी के आसपास बढ़ते वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण की वजह से प्रवासी पक्षी यहां आना पसंद नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा दलदली और जल वाली भूमि का लगातार घटते जाना भी एक प्रमुख कारण है। जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध पश्चिमी घाटों पर वर्ष 2000 से पक्षियों की संख्या में 75 प्रतिशत तक कमी आई है।

> रिपोर्ट में कहा गया है कि तकरीबन 10 प्रतिशत प्रजातियों की स्थिति बेहद चिंताजनक है और इन्हें खास संरक्षण की जरूरत है। आंकड़ों के मुताबिक तेजी से गिरावट वाले पक्षियों में शिकारी पक्षी व प्रवासी समुद्री पक्षी पिछले दशकों में सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं, पर अच्छी बात यह है कि विगत वर्षों से गौरैया की संख्या स्थिर रही है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले ढाई दशकों में गौरैया की संख्या में कोई विशेष कमी नहीं आई है। हालांकि दिल्ली, मुंबई समेत आधा दर्जन शहरों में इनकी संख्या घटी है। देश में प्रवासी पक्षियों का आना भी कम हो रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में ओखला बर्ड सेंचुरी में प्रवासी पक्षियों का आगमन लगातार कम हो रहा है।



> *अमूमन देखा जा रहा है कि मानव जाति कृषि कार्य से अधिक उत्पादन हासिल करने के लिए जमकर कीटनाशकों का इस्तेमाल कर रहा है। ये कीटनाशक पक्षियों के लिए जहरीले साबित होते हैं और इसकी वजह से पक्षियों के अंडे नहीं बन पाते हैं। लिहाजा धीरे-धीरे उनकी प्रजातियां विलुप्त हो जाती है। किसानों द्वारा कीटनाशकों का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित होना चाहिए। इन कीटनाशकों में बेनोमाइल, कार्बरील, डीडीटी डायाजिनोन, फेनरिमोल, फेथियोन, लिनुरान, एमआईएमसी, मिथाइल पैराथियान, सोडियम सायनाइड, थियोटोन, ट्राइडमोर्फ, ट्राइफ्लारेलिन इत्यादि अत्यंत खतरनाक हैं।*

याद होगा कि अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ ने वर्ष 2013 में भारत में देखे जाने वाले पक्षियों की दस प्रजातियों को बेहद गंभीर रूप से संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में शामिल किया था। इनमें ग्रेट साइबेरियन क्रेन, गोडावण, सफेद पीठ वाला गिद्ध, लाल-सिर वाला गिद्ध, जंगली उल्लू, स्पून बिल्ड सैंडपाइपर और सफेद पेट वाला बगुला प्रमुख था। इन पक्षियों की आबादी में गिरावट की मुख्य वजहों में आवास का नुकसान, संशोधन, विखंडन, पर्यावरण प्रदूषण को प्रमुख रूप से जिम्मेदार माना गया। ग्लोबल वार्मिंग ने पक्षियों के अस्तित्व को और भी अधिक संकट में डाल दिया है। गौरतलब है कि भारत में विभिन्न प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं जिनमें गौरैया, कौआ, तोता, तीतर, चर्खी, शामा, भुजंगा, बया, मुनिया, लाल तूती, गिद्ध, कठफोड़वा, नीलकंठ, बसंता, महोखा, पतरिंगा, हरियल, हुदहुद और बटेर जैसे पक्षी आमजन के बेहद करीब माने जाते हैं, लेकिन इन लोकप्रिय पक्षियों की संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। पक्षियों के संरक्षणकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि दुनिया की सबसे वजनदार पक्षियों में से एक सोन चिरैया की प्रजाति लुप्त होने के कगार पर है। सोन चिरैया लगभग एक मीटर ऊंची होती हैं और इनका वजन 15 किलो होता है।

सोन चिरैया को कभी भारत और पाकिस्तान की घास भूमियों पर देखा जाता था लेकिन अब ये एकांत भरे क्षेत्रों में ही देखने को मिलते हैं। पक्षी विज्ञानियों की मानें तो पृथ्वी पर मानव की गतिविधियों और जंगलों के विनाश के कारण पक्षियों की सैकड़ों प्रजातियां पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं। पक्षी विज्ञानियों का कहना है कि वर्ष 1500 से अब तक तकरीबन पक्षियों की 190 प्रजातियां पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं। विडंबना है कि विलुप्त होने की दर लगातार बढ़ती जा रही है। पक्षी विज्ञानियों के मुताबिक विश्व भर में तकरीबन 10000 प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं। इनमें से कुल 1200 प्रजातियां ऐसी हैं जो कि विलुप्त होने के कगार पर हैं। भारत से इतर बात करें तो हवाई द्वीप के लगभग 30 प्रतिशत पक्षियों की प्रजातियां नष्ट हो चुकी हैं। इसी तरह गुआम द्वीप पर पक्षियों की 60 प्रतिशत प्रजातियां पिछले तीन दशक के दौरान विलुप्त हुई हैं। पक्षी विज्ञानियों का कहना है कि पक्षियों की विलुप्ती के कई कारण हैं। उनमें उनके आवास का नष्ट होना, पक्षियों के भोजन के स्रोत का खत्म होना, प्राकृतिक आपदाएं, मौसम में बदलाव मुख्य कारण हैं। पक्षियों के शिकार और उनके अंडों के इस्तेमाल का कुप्रभाव भी उनकी तादाद पर पड़ता है। कभी-कभार तो किसी परभक्षी प्रजाति के आने के कारण भी पक्षियों की तादाद पर संकट मंडराने लगता है। अमूमन देखा जा रहा है कि मानव जाति कृषि कार्य से अधिक उत्पादन हासिल करने के लिए जमकर कीटनाशकों का इस्तेमाल कर रहा है। ये कीटनाशक पक्षियों के लिए जहरीले साबित होते हैं और इसकी वजह से पक्षियों के अंडे नहीं बन पाते हैं।

लिहाजा धीरे-धीरे उनकी प्रजातियां विलुप्त हो जाती है। किसानों द्वारा कीटनाशकों का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित होना चाहिए। इन कीटनाशकों में बेनोमाइल, कार्बरील, डीडीटी डायाजिनोन, फेनरिमोल, फेथियोन, लिनुरान, एमआईएमसी, मिथाइल पैराथियान, सोडियम सायनाइड, थियोटोन, ट्राइडमोर्फ, ट्राइफ्लारेलिन इत्यादि अत्यंत खतरनाक हैं। पक्षी विज्ञानियों का कहना है कि पक्षियों की कई प्रजातियां बेहद संवेदनशील होती हैं और इन्हें अनुकूल वातावरण में रहने की आदत होती है। किंतु वातावरण में थोड़ा भी बदलाव होता है तो उनके जीवन पर संकट मंडराने लगता है। आज की तारीख में जो पक्षी पूरी तरह विलुप्त हो चुके हैं उनमें डोडो, तस्मानियन इमु, कैरोलिना परेकीट, अरबी शुतुर्गमुर्ग, संदेश वाहक कबूतर विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। उचित होगा कि समाज व सरकार तथा स्वयंसेवी संस्थाएं इन विलुप्त हो रहे पक्षियों को बचाने की दिशा में ठोस पहल करें।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

व्यंग्य

# बड़बोले राजाओं की गप्पें



गोविंद सेन
व्यंग्यकार

दो गप्पी राजा थे। गप्पें हांकने में दोनों राजाओं का दूर-दूर तक नाम था। एक बार वे दोनों शिकार पर गए। संयोग से जंगल में दोनों की मुलाकात हो गई। वे मिलकर बहुत खुश हुए। एक छायादार पेड़ के नीचे बैठकर वे गप्पें हांकने लगे।

**पहला राजा**-'मैंने अपने राज्य में विकास की गंगा बहा दी है महाशय। आप देखोगे तो देखते दंग रह जाओगे।'

**दूसरा राजा**-'मैंने तो अपने राज्य में विकास की नील बहा दी है। आपकी गंगा से मेरी नील नदी बहुत लंबी है। आप तो जानते ही हैं कि नील तो विश्व की सबसे लंबी नदी है। मेरे विकास का मुकाबला तो आप कर ही नहीं सकते मान्यवर। हमारा विकास विश्व स्तरीय है।'

**पहला राजा**-'अरे वाह, महाशय। बहुत खूब। मेरे राज्य में अपराधियों को जेल में डालने की पर्याप्त व्यवस्था है। मैंने इस साल दो जेलखाने और खोल दिए हैं।

**दूसरा राजा**-'बस दो, मैंने तो अपने राज्य में इसी साल ग्यारह जेलखाने खोले हैं मान्यवर। दस से काम चल सकता था लेकिन ग्यारह खोलना पड़ा। ग्यारह संख्या शुभ होती है न, इसलिए। राज ज्योतिषी ने बताया था कि समसंख्या शुभ नहीं होती। जहां तक सवाल है अपराधियों का तो अपराधियों की संख्या कम होने पर निरापराधियों को भी जेल में डलवा देता हूं। मेरे सभी जेलखानों में कैदियों से भरे हुए रहते हैं मान्यवर।'

**पहला राजा**-'मैं दिन में दो बार वस्त्र-परिवर्तन करता हूं महाशय।'

**दूसरा राजा**- (हंसते हुए)-'बस दो बार, मैं तो एक दिन में ग्यारह बार वस्त्र-परिवर्तन करता हूं मान्यवर। बताया न मैंने कि ग्यारह का आंकड़ा मेरे लिए शुभ है। मेरे वस्त्रों का खयाल रखने के लिए ग्यारह आदमी हमेशा तैनात रहते हैं।'

**पहला राजा**-'मैं दिन में दो बार झूठ अवश्य बोलता हूं महाशय।'

**दूसरा राजा**- (मुस्कुराते हुए)-'मैं तो दिन-रात झूठ ही बोलता हूं, सच तो बोलता ही नहीं। मेरी परजा फिर भी 'अहो अहो' करती है मान्यवर।'

**पहला राजा**-'मैं मानता हूं महाशय कि मैं आपकी बराबरी नहीं कर पाता। लेकिन आप मेरी इस बात का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। मैंने अपनी परजा को अंधा बना दिया है। उनकी आँखें तो हैं लेकिन वे कुछ देख नहीं पाते।'

**दूसरा राजा**- (खुलकर हंसता है)-'यह तो कुछ भी नहीं। मैंने अपनी परजा को अंधा ही नहीं गूंगा और बहरा भी बनवा दिया है। जिसकी भी जबान दिख जाती है, उसकी जबान कटवा कर राजकोश में कड़ी निगरानी में रखवा देता हूं। हां, जो मेरा भजन करना चाहते हैं, उनकी जबानें लौटाने की पूर्ण व्यवस्था कर दी गई है। (कुछ रुककर) इस मामले में भी आप मुझसे फिसड्डी निकले मान्यवर।'

**पहला राजा**-'मैंने हर महीने के पंद्रह दिन अच्छे दिन घोषित करवा रखे हैं। इन अच्छे दिनों में सभी को अच्छा-अच्छा ही बोलना होता है। बुरा बोलने पर कड़ी सजा दी जाती है महाशय।'

**दूसरा राजा**- (फिर मुस्कुराता है)-'मैंने हर दिन को अच्छा दिन घोषित कर रखा है। हर रात को अच्छी रात घोषित कर रखा है। बुरे दिनों को मैं अपने राज्य में फटकने ही नहीं देता। इस मामले में भी आप मुझसे पीछे हैं मान्यवर।'

**पहला राजा**-'सचमुच आप महान हैं महाशय। आप अवतारी पुरुष हैं। आप मुझे अपनी शरण में लीजिए। मैं आपको गुरु मानता हूं। आप मुझे शिष्य रूप में स्वीकार कीजिए महाशय। मैं आपको साष्टांग दंडवत करता हूं।'

**दूसरा राजा**- (हंसते हुए)-'मुझे तो पूरा विश्व गुरु मानता है। अवतारी और महान मानता है। यह नई बात नहीं। यदि आप मेरा अनुसरण करते रहे तो आप भी एक अच्छे गप्पी राजा बनोगे, यह मेरी फुल ग्यारंटी है मान्यवर।' उपस्थित सभी अर्दली दोनों राजाओं पर देर तक जंगली फूलों की वर्षा करते रहे।

X



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
एक तरफ हमारी सरकार ने 3 लाख भर्ती निकालने का ऐतिहासिक कार्य किया जो शायद देश में सर्वाधिक है।



**अनुपम खेर,** अभिनेता
@AnupamPKher
मैं जीवन में हर किसी को जीतते हुए देखना चाहता हूं, यदि आप इसे पढ़ रहे हैं तो मैं आपका समर्थन कर रहा हूं।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
महालया अमावस्या वर्ष की एक ऐसी अमावस्या है जो आपको असत्य से सत्य की ओर बढ़ने के लिए सबसे अनुकूल माहौल प्रदान करती है।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
बेहतर जीवन जीने के लिए यह स्वीकार करना आवश्यक है, कि हर किसी को सबकुछ नहीं मिलता।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
कोई रिश्ता जितना करीब होता है, जितना अधिक समय हम किसी के साथ बिताते हैं, उतनी ही अधिक संभावना होती है कि हम इसे हल्के में लेते हैं और यहां तक कि दूसरे व्यक्ति में दोष देखना शुरू कर देते हैं।

नॉलेज कॉर्नर: तीन सौ से अधिक रोगों की रामबाण औषधि

# डायबिटीज और मोटापा में बेहद कारगर मोरिंगा

हमारे आस पास ऐसे कई पेड़ पौधे होते हैं जिनके फल औषधि का काम करते हैं, लेकिन हम जानकारी के अभाव में उनका सही तरीके से उपयोग नहीं कर पाते हैं। ऐसा ही एक पेड़, जिसकी फली को मोरिंगा कहा जाता है। मोरिंगा की खासियत यह होती है कि इसमें लंबी फलियां लगती हैं जो सेहत के लिए बहुत ही उपयोगी होती हैं। मोरिंगा की इन फलियों को सहजन की फली भी कहते हैं। अंग्रेजी में इसे ड्रमस्टिक कहते हैं। मोरिंगा फली डायबिटीज, मोटापा तथा अस्थमा रोगियों के लिए रामबाण इलाज के रूप में काम करती है। वहीं यह आंखों के रोगियों को भी फायदा पहुंचाती है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं मोरिंगा फली के बारे में...

## कच्ची फलियों का सेवन लाभदायक

सामान्यतः सहजन फली को मोरिंगा भी कहा जाता है। इसकी सब्जी बनाकर खाते हैं। इसे खाना थोड़ा मुश्किल जरूर होता है, लेकिन इसमें कई तरह के विटामिन, खनिज और पोषक तत्व पाए जाते हैं। मोरिंगा का वानस्पतिक नाम : 'मोरिंगा ओलिफेरा' है। यह एक बहु उपयोगी पेड़ है। इसे हिंदी में सहजना, सुजना, सेंजन और मुनगा आदि नामों से भी जाना जाता है। इस पेड़ के विभिन्न भाग अनेकानेक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं।



इसलिए इसके विभिन्न भागों का विविध प्रकार से उपयोग किया जाता है। मोरिंगा के सभी अंग पत्ती, फूल, फल, बीज, डाली, छाल, जड़ें, (बीज से प्राप्त तेल) आदि खाए जाते हैं। आमतौर पर एशिया और अफ्रीका में इसकी कच्ची फलियां (ड्रम स्टिक) खाई जाती हैं। कम्बोडिया, फिलीपींस, दक्षिण भारत, श्रीलंका और अफ्रीका में पत्तियां खाई जाती हैं। इसके फूलों को भी पकाकर खाया जाता है और इसका स्वाद काफी हद तक खुम्भी (मशरूम) जैसा ही होता है।

## भरपूर पोषक तत्व

मोरिंगा में 300 से अधिक रोगों के रोकथाम के गुण हैं। इसमें 90 तरह के मल्टीविटामिन्स, 45 तरह के एंटी ऑक्सीडेंट गुण, 35 तरह के दर्द निवारक गुण और 17 तरह के एमिनो एसिड मिलते हैं। कुल मिलाकर यह पोषक तत्वों से भरपूर है। इसमें विटामिन-ए, बी 1, बी 2, बी 3 और बी 6 पाया जाता है। इसमें कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम की मात्रा भी पाई जाती है। अनेक देशों में इसकी छाल, रस, पत्तियों, बीजों, तेल, और फूलों से पारंपरिक दवाएं बनाई जाती है। जमैका में इसके रस से नीली डाई (रंजक) के रूप में उपयोग किया जाता है। दक्षिण भारतीय व्यंजनों में इसका प्रयोग बहुत किया जाता है।

## अधिक मात्रा में होता है फाइबर

*इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आंखों की रोशनी और रेटिना से जुड़ी समस्याओं के लिए लाभकारी हैं। इसमें मौजूद कैल्शियम और फॉस्फोरस हड्डियों को मजबूत करता है। इसमें फाइबर की मात्रा अधिक पाई जाती है। इसके सेवन से डिप्रेशन, घबराहट और थकावट में राहत मिलती है।*

कंटेंट: श्रवण भाटी

**मिजोरम:** मिजो नेशनल फ्रंट के नेता लालरिनलियाना सेलो के भाजपा में शामिल होने की संभावना

# विधानसभा अध्यक्ष के इस्तीफे से MNF-BJP में दूरी बढ़ने की अटकलें

एजेंसी | आइजोल

मिजारम में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार को विधिवत शुरू हो गई है, लेकिन राजनीतिक क्षेत्रों में यह अटकले तेज हो गई हैं कि इस बार सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) और भाजपा के बीच गठबंधन जारी रहेगा या दोनों अलग अलग चुनाव मैदान में उतरेंगी।

मिजोरम में पिछले विधानसभा चुनाव में एमएनएफ 26 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल कर दस साल बाद सत्ता में लौटा था। राज्य में 1998 से 2008 तक नेशनल फ्रंट की सरकार थी।





पिछली बार एक सीट जीतने वाली भाजपा एमएनएफ की मौजूदा सरकार का समर्थन करती रही है। लेकिन हाल ही में भाजपा और एमएनएफ के रिश्तों में दूरी आई है। इस बीज एमएनएफ नेता व विधानसभा अध्यक्ष लालरिनलियाना सेलो के अपने पद से इस्तीफे के बाद से अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। मीडिया से बात करते हुए सेलो ने कहा था कि कहा उन्हें राज्य की वर्तमान वित्तीय स्थिति का अंदाजा है। अभी मिजोरम को केंद्र सरकार से बेलआउट की जरूरत है, जो राज्य के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। मिजोरम को बेहतर बनाने के लिए ही वह भाजपा के साथ जा रहे हैं। क्योंकि पार्टी में आगामी चुनाव के लिए संभावनाएं हैं। मिजोरम की वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं है और मैं अपने राज्य में विकास लाने के लिए भाजपा में शामिल होऊंगा।

### यूं बढ़ी एमएनएफ और भाजपा में दूरी

संसद के मानसून सत्र में केंद्र सरकार के खिलाफ आए अविश्वास प्रस्ताव पर भी एमएनएफ विपक्ष के साथ खड़ी नजर आई थी। मुख्यमंत्री जोरामथंगा ने तब कहा था कि हम राजग के साथ हैं, लेकिन केंद्र की हर नीति का समर्थन नहीं करते। उन्होंने ये भी कहा था कि हम राजग से नहीं डरते और मिजोरम में सीएए लागू हुआ तो गठबंधन तोड़ लेंगे। इसके बाद भाजपा की मिजोरम इकाई ने पलटवार करते हुए जोरामथंगा को गठबंधन तोड़ लेने की चुनौती दे डाली थी। अब विधानसभा अध्यक्ष सेलो के इस्तीफे के बाद चुनाव में एमएनएफ और भाजपा के बीच गठबंधन को लेकर संशय है।

### विपक्ष की रणनीति को भेदने में जुटे सीएम जोरमथंगा

दूसरी ओर राज्य में फिर से सत्ता में वापसी के लिए मिजो नेशनल फ्रंट विपक्ष की व्यूहरचना को भेदने की तैयारी में जुटा है। मुख्यमंत्री जोरमथंगा हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने में जुटे हैं। राज्य में वर्षों तक सत्तारूढ़ रही कांग्रेस को पिछले विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा था और पार्टी मात्र पांच सीट जीत पाई थी और तत्कालीन मुख्यमंत्री लालथनहलवा अपनी सीट भी नहीं बचा पाए थे। जबकि लालदुहान की पार्टी जोराम पीपुल्स मूवमेंट 8 सीटें जीतकर दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। पांच सीटों से निर्दलीय जीते थे।

### 40 में से 39 सीटें हैं जनजाति के लिए सुरक्षित, एक सीट सामान्य

मिजोरम विधानसभा की 40 में से 39 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। प्रदेश की केवल एक सीट सामान्य है। अनुसूचित जाति के लिए राज्य में कोई भी सीट आरक्षित नहीं है।

### बदली जाए मतगणना की तारीख

ईसाई बहुल मिजोरम में भाजपा, कांग्रेस और सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) सहित सभी मुख्य राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर विधानसभा चुनाव की मतगणना की तारीख बदलने की मांग की है। चुनाव आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के मुताबिक, यहां विधानसभा चुनाव के लिए मतदान सात नवंबर को होगा और मतगणना की तिथि सभी चुनावी राज्यों में तीन दिसंबर रविवार को निर्धारित है।

### मिजोरम: रिजिजू भाजपा के चुनाव प्रभारी नियुक्त



**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को मिजोरम के लिए पार्टी का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया। मिजोरम में 40 विधानसभा सीटों पर सात नवंबर को मतदान होगा और मतगणना तीन दिसंबर को होगी। भाजपा ने एक बयान में कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी और नगालैंड के उप मुख्यमंत्री यांथुंगो पाटन मिजोरम चुनाव के लिए पार्टी के सह-प्रभारियों के रूप में काम करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी एक और वक्तव्य में बताया गया कि जतिंदर पाल मल्होत्रा को पार्टी की चंडीगढ़ इकाई का अध्यक्ष बनाया गया है।

### प्रियंका गांधी की घोषणा की चुनाव आयोग से शिकायत

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले की चुनावी आमसभा में प्रियंका गांधी की घोषणा के मामले में भाजपा के विधि प्रकोष्ठ ने चुनाव निर्वाचन आयोग को शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि 12 अक्टूबर को सभा के दौरान प्रियंका गांधी ने स्कूली विद्यार्थियों को पांच सौ रुपए से डेढ़ हजार रुपए तक दिए जाने की घोषणा की थी। शिकायतकर्ता वकील पंकज वाधवानी ने कहा कि जिस योजना का उल्लेख प्रियंका गांधी ने किया, वह सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए है कि या प्राइवेट स्कूलों के लिए भी है। यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है। प्रियंका ने सिर्फ मतदान को प्रभावित करने के लिए यह घोषण की।

मध्य प्रदेश में सियासी घमासान तेज

# नवरात्र के पहले दिन आ सकती है कांग्रेस प्रत्याशियों की प्रथम सूची

एजेंसी | भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर अब कांग्रेस की ओर से भी पहली सूची श्राद्ध पक्ष खत्म होते ही नवरात्र के पहले दिन रविवार को आने की संभावना है।

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने राज्य के लिए उम्मीदवारों के नामों पर शुक्रवार को फिर मंथन किया। बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि अभी 60 उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा हुई है। श्राद्ध के बाद उम्मीदवारों के नाम फाइनल हो जाएंगे। दूसरी ओर अब तक प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी भाजपा में विरोध के सुर मुखर हो रहे हैं।



### 17 तक सभी प्रत्याशियों की घोषणा संभव

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई सीईसी की बैठक में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सीईसी के अन्य सदस्य, पार्टी महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ और कई अन्य नेता शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व की शनिवार को भी बैठक होगी। संभावना है कि कांग्रेस तीन दिनों के भीतर अपने प्रत्याशियों की 3 सूची जारी करेगी। पहली सूची 15 अक्टूबर को जारी होने के बाद 16 अक्टूबर को कांग्रेस का वचन पत्र के साथ दूसरी और 17 अक्टूबर को तीसरी व अंतिम सूची जारी कर सकती है। सूत्रों के अनुसार बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम मुहर लग गई है। 15 अक्टूबर को पहली सूची में 60 से 130 नामों की घोषणा किए जाने की संभावना है। पार्टी ने करीब-करीब सभी सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं। जिनके नाम तय हैं, पार्टी उनको इशारा दे चुकी है और वे अपनी तैयारियों में लग गए हैं।

## BJP विधायक का पार्टी से इस्तीफा



इस बीच, मैहर से भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी दिया त्याग पत्र दिया है। त्रिपाठी ने कहा अभी पार्टी का सम्मान करते हुए इस्तीफा दिया है। आगे की रणनीति जल्द बनेगी। उनके इस्तीफा देते ही अब उनके कांग्रेस में जाने की अटकलें शुरू हो गई हैं। बता दें कि भाजपा ने मैहर से मौजूदा विधायक नारायण त्रिपाठी का टिकट काट दिया है। यहां से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक नेता श्रीकांत चतुर्वेदी को उम्मीदवार घोषित किया गया है। तभी से उनके पार्टी छोड़ने की अटकलें शुरू हो गई थीं। त्रिपाठी करीब दो साल से अपनी ही पार्टी और सरकार के खिलाफ हमलावर रहे हैं।

### भाजपा की अगली सूची 15 को!

भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक 15 अक्तूबर को दिल्ली में आयोजित की गई है। माना जा रहा है कि इसके बाद भाजपा अपनी अगली सूची जारी कर सकती है। गुरुवार रात को भाजपा के कोर ग्रुप की बैठक हुई, जिसमें अगली सूची के नामों और डैमेज कंट्रोल पर बात की गई।

दिल्ली आबकारी नीति मामला

# संजय सिंह को 27 तक की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को कोर्ट 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में कोर्ट ने भेज दिया है। उनकी तीन दिन की ईडी हिरासत की अवधि समाप्त होने पर उन्हें शुक्रवार को

राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया था। हिरासत पर सुनवाई के दौरान सिंह के शुगर का मरीज होने के कारण दवाइयों के लिए अलग से एक अर्जी दी गई। कोर्ट ने 10 अक्टूबर को दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तार संजय सिंह की ईडी की हिरासत 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी थी।



### कोर्ट में न करें बयानबाजी

संजय सिंह के कहा कि उन्हें इस मामले में इसलिए फंसाया जा रहा है, क्योंकि उन्होंने प्रधानमंत्री और एक कारोबारी में संबंध होने की बात कही थी। जिस विवाद के बारे में उन्होंने कहा था, उस पर तो कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि उन्हें ही दूसरे मामले में फंसा दिया गया। हालांकि, अदालत ने संजय सिंह की भाषा पर आपत्ति जताई और कहा कि वे अदालत में राजनीतिक बयानबाजी न करें।

### दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचा मामला

पूरे मामले में संजय सिंह ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया है। सिंह के वकील ने मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायाधीश संजीव नरूला की पीठ से तुरंत सुनवाई का अनुरोध करते हुए कहा कि ईडी ने उन्हें गिरफ्तारी का उचित आधार नहीं बताया है। ईडी ने 4 अक्टूबर को संजय सिंह के सरकारी आवास पर कई घंटों की छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया था। इसके अगले दिन यानी 5 अक्टूबर को राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें पांच दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया था।

पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार का बड़ा दावा...

# गठबंधन पर BJP-JDS में असंतोष

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक में भाजपा और जनता दल सेक्युलर (जदएस) के बीच हुए गठबंधन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने शुक्रवार को कहा कि दोनों पार्टियों के राज्य के नेता इससे असंतुष्ट हैं। क्योंकि साथ में आने का निर्णय दोनों पार्टियों की हाई कमान ने लिया था। भाजपा और जेडीएस ने इस दौरान राज्य के नेताओं को विश्वास में नहीं लिया।



इससे पहले राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने गुरुवार (12 अक्टूबर) को ही दावा किया कि जदएस और भाजपा के साथ आने से कई नेता खुश नहीं है। इस कारण दोनों पार्टियों से 40 नेता हमारी पार्टी में आना चाहते हैं। भाजपा और जद-एस का साथ आना लोकसभा चुनाव को देखते हुए काफी अहम माना जा रहा है क्योंकि मई 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिला था। वहीं, लोकसभा चुनाव की बात करें तो कर्नाटक की 28 सीटों में से भाजपा ने 25 जीती थी। इसके अलावा कांग्रेस और जद-एसने एक-एक सीट जीती थी।

वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की वाईएस शर्मिला ने की घोषणा

# तेलंगाना:119 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान

एजेंसी | हैदराबाद

वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की वाईएस शर्मिला ने राज्य में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में सभी 119 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उनकी इस घोषणा के साथ ही न अटकलों पर विराम लग गया कि उनकी पार्टी सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति के खिलाफ विपक्ष को मजबूत करने के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन करेगी। उन्होंने कहा है कि गठबंधन के लिए चार महीने तक इंतजार किया गया। अब कोई



हमें मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव विरोधी वोटों को विभाजित करने के लिए कोई दोषी नहीं ठहरा सकता। हमने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। गौरतलब है कि शर्मिला आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मां वाईएस विजयलक्ष्मी और पति अनिल कुमार के चुनाव लड़ने की मांग हो रही है। अगर जरूरत पड़ी तो वह भी चुनाव लड़ेंगे। शर्मिला ने दावा किया, मेरी मां ने कहा है कि वह मेरा समर्थन करने के लिए जो भी जरूरी होगा वह करेंगी। जब मैंने अपनी पार्टी शुरू की तो उन्होंने यह वादा किया था कि वह मेरे साथ खड़ी रहेंगी। दो हफ्ते पहले उन्होंने कहा था कि कांग्रेस के साथ किसी भी गठबंधन पर अंतिम निर्णय सितंबर के अंत तक लिया जाएगा।

### फंडिंग के लिए धन भेजने का आरोप

**हैदराबाद।** बेंगलुरु के एक घर से मिले 22 बक्सों में भरे 42 करोड़ से अधिक की मिली नकदी को तेलंगाना के वित्त मंत्री हरीश राव ने चुनावी फंडिंग से जोड़ा है। उन्होने दावा किया कि यह राशि टैक्स के नाम पर बिल्डरों, व्यवसायियों और ठेकेदारों से एकत्र की गई थी। यह राशि कांग्रेस के चुनाव अभियान के के लिए पड़ोसी राज्य से भेजे गए रुपए का हिस्सा थी।


छत्तीसगढ़ की चुनावी डायरी

# पहले चरण के लिए शुरू हुआ नामांकन, भाजपा-कांग्रेस में घमासान तेज


एजेंसी | रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 20 सीटों पर मतदान के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू हो गई है। राज्य में प्रथम चरण में 7 नवंबर को मतदान होना है। इस बीच राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस और मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा का चुनाव अभियान तेज हो गया है।

भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे के खिलाफ जमकर सियासी प्रहार कर रहे है। कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ एक पोस्टर जारी किया है। इसमें कांग्रेस ने गौतम अडानी के मामले को चुनावी मुद्दा बनाया है। दरअसल गुरुवार को कांग्रेस मीडिया विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन खेड़ा ने रायपुर में यह पोस्टर जारी किया है। इसमें कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा को वोट देने का मतलब बटन कमल पर दबेगा वीवीपेट से अडाणी निकलेगा। वहीं प्रदेश भाजपा महामंत्री विजय शर्मा ने पवन खेड़ा के दावों पर पलटवार किया और कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता अच्छी तरह जानती है कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने 5 साल तक घपले, घोटाले, कमीशनबाजी, भ्रष्टाचार और माफियाराज चलाने के अलावा कुछ नहीं किया है। वे (पवन खेड़ा) बघेल सरकार के पापों पर पर्दा डालने की जो कोशिश कर रहे हैं।



### BJP ने जातिगत जनगणना के कांग्रेस के वादे पर किया प्रहार



इस बीच शुक्रवार को राज्य के दौरे पर पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता व सांसद रविशंकर प्रसाद ने राज्य की भूपेश बघेल सरकार पर शुक्रवार को जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस सरकार का भी वही हश्र होगा जो अजीत जोगी के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार का हुआ था, जो 2003 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर हो गई थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने भाजपा कार्यालय परिसर में मीडिया से बातचीत में कांग्रेस के जाति आधारित जनगणना की वकालत करने पर कहा कि राहुल गांधी को अपनी दादी एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से सीखना चाहिए, जिन्होंने कहा था कि जातिवाद से ऊपर उठो। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, मैं पूछना चाहता हूं कि अगर जातीय जनगणना होगी तो क्या कांग्रेस में इसे लागू किया जाएगा? जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी', क्या इसे कांग्रेस के भीतर लागू किया जाएगा? या फिर ये इंदिरा जी, राजीव जी, सोनिया जी, राहुल जी और प्रियंका जी की तरह ही चलता रहेगा। बिहार में लालू यादव थे और उनके जेल जाने के बाद राबड़ी देवी आईं और फिर तेजस्वी यादव और बेटी मीसा भारती। वहीं उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का भतीजा उनकी जगह लेना चाह रहा है। क्या यह जारी रहेगा? यह धोखा कब तक चलता रहेगा?"

### BJP ने की दलितों पिछड़ों आदिवासियों की सेवा

प्रसाद ने कहा, भाजपा ने ईमानदारी से दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और समाज के सभी लोगों के उत्थान के लिए काम किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा जाति आधारित गणना के लिए कांग्रेस की मांग को एक चुनौती के रूप में देखती है, उन्होंने कहा, भाजपा अपने काम के जरिये लोगों के बीच प्रभाव पैदा करती है। पिछड़े, अति पिछड़े, आदिवासी जानते हैं कि यह भाजपा ही है जिसने ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) से प्रधानमंत्री दिया है। यह भाजपा सरकार में ही है जब एक आदिवासी महिला देश की राष्ट्रपति बनी है ।

### आप की तीसरी सूची में 11 प्रत्याशियों के नाम

आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए अपनी तीसरी सूची जारी की। इसमें 11 उमीदवारों के नाम शामिल हैं। आम आदमी पार्टी अब तक कुल 33 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर चुकी है। इसके अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की और पंजाब के सीएम भगवंत मान राज्य में पार्टी की जनसभाएं कर चुंके हैं। आम आदमी पार्टी ने राज्य की सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

## जरूरी खबर

### चंद्रबाबू नायडू को हाई कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत



**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने अंगल्लू हिंसा मामले में तेलुगू देशम पार्टी के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू को शुक्रवार को अग्रिम जमानत दे दी। हाई कोर्ट ने अंगल्लू हिंसा मामले में गुरुवार को दलीलों की सुनवाई पूरी करने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था जिस पर शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। हाल ही में नियमित जमानत याचिका खारिज होने के बाद नायडू ने अंगल्लू मामले में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। अंगल्लू हिंसा मामला अगस्त में टीडीपी प्रमुख की ओर से निकाली गई राजनीतिक रैली के दौरान हुए दंगों से जुड़ा है। अन्नामय्या जिले के अंगल्लू और चित्तूर जिले के पुंगनुरु में हुए पथराव, आगजनी में कई लोग घायल हो गए थे।

### J&K: आतंकी साजिश नाकाम आईईडी बरामद

**जम्मू।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला हंदवाड़ा रोड पर आईईडी मिलने के बाद सैन्य काफिले को उड़ाने की आतंकी साजिश को विफल कर दिया गया है। आईईडी तीन संदिग्ध छोटे गैस सिलेंडरों से बनाया गया था। सेना की रोड ओपनिंग पार्टी को शुक्रवार की सुबह सड़क किनारे उगी झाड़ियों में संदिग्ध चीजके बाद तुरंत ट्रैफिक को रोका गया और बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया और इसे अपने कब्जे में लेने के बाद निष्क्रिय कर दिया गया। सेना ने बयान में कहा कि संभावित सुरक्षा खतरे की त्वरित प्रतिक्रिया में सेना और हंदवाड़ा पुलिस की आरओपी ने सफलतापूर्वक आईईडी विस्फोटक को नष्ट किया, जिससे सेना और नागरिक वाहनों के लिए खतरा समाप्त हो गया।

### ट्रेन चालक नहीं करें 12 घंटे से अधिक काम

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने चालकों और गार्ड सहित रनिंग स्टाफ के ड्यूटी के घंटे के संबंध में सभी जोन को निर्देश जारी किए हैं। इनमें कहा गया है कि ट्रेन चालकों के लिए काम का अधिकतम समय 12 घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। रनिंग स्टाफ में सवारी गाड़ियों और माल गाड़ियों के चालक व गुड्स गार्ड आदि कर्मचारी आते हैं। नए निर्देश बोर्ड के विभिन्न पूर्ववर्ती दिशानिर्देशों का एक संकलन है। इसका उद्देश्य जोन को परिचालन सुरक्षा बढ़ाने के लिए रनिंग स्टाफ के कामकाजी और शेष घंटे का ध्यान रखने की याद दिलाना है।

## सिख गुरुओं के बलिदान को किया याद



*नई दिल्ली। केंद्रीय गृह अमित शाह का शुक्रवार को नई दिल्ली में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शाह ने कहा कि सिख गुरुओं ने मानवता और देश के लिए जो बलिदान दिया है, उसकी बराबरी पूरी दुनिया में कोई नहीं कर सकता। देश नौवें गुरु तेग बहादुर जी के उपकार को कभी नहीं भुला सकता। सिख पंथ के अलावा ऐसा शायद ही कोई दूसरा पंथ होगा जिसमें 10 पीढ़ियों तक आक्रांताओं के अन्याय के खिलाफ संघर्ष और बलिदान की इतनी लंबी परंपरा हो।*

### दिल्ली में पी-20 शिखर सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

# आतंकवाद मानवता के लिए खतरा, संघर्ष नहीं है हित में

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि है कि इससे निपटने के लिए साथ काम करने की जरूरत है। युद्ध से किसी का भला नहीं हो सकता है। आतंकवाद मानवता के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद की एक परिभाषा पर सहमत न होना बेहद दुखद है। दुनिया के इसी रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं। दुनिया भर की संसद के प्रतिनिधियों को सोचना होगा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में हम कैसे मिलकर काम कर सकते हैं।

पीएम मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी के द्वारका में नवनिर्मित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय 'पार्लियमेंट-20' समिट यानी पी-20 का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। समिट में जी 20 देशों की संसद के अध्यक्ष और सभापति हिस्सा ले रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह समिट एक प्रकार से दुनिया भर की अलग-अलग संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ है।

आप सभी प्रतिनिधि अलग-अलग संसदीय कार्यशैली के अनुभवी हैं। आपका इतने समृद्ध लोकतांत्रिक अनुभवों के साथ भारत आना हम सभी के लिए बहुत सुखद है।



### आम चुनाव के दौरान भारत आने के लिए कहा

पीए मोदी ने कहा, भारत चुनावों के दौरान पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए 25 वर्षों से अधिक समय से ईवीएम का उपयोग कर रहा है। 2024 में, आम चुनावों के दौरान, लगभग 100 करोड़ मतदाता अपना वोट डालने जा रहे हैं। मैं सभी प्रतिनिधियों को अगले आम चुनाव देखने के लिए भारत आने के लिए आमंत्रित करता हूं।

### संघर्ष की वजह से दुनिया संकट में

पीएम मोदी ने इजरायल में उपजे संकट का नाम लिए बिना कहा कि दुनिया के अलग कोनों में जो कुछ भी घट रहा है, उससे आज कोई भी अछूता नहीं है। संघर्ष की वजह से आज दुनिया संकटों से जूझ रही है। यह किसी के भी हित में नहीं है। मानवता के सामने जो बड़ी चुनौती है, उसका समाधान बंटी हुई दुनिया नहीं दे सकती। यह शांति और भाईचारे का समय है। साथ आगे बढ़ने का समय है। यह सबके विकास और कल्याण का समय है। हमें विश्व को एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के साथ आगे बढ़ाना होगा।

### संसद पर हमले का किया उल्लेख

पीएम मोदी ने भारत की संसद पर हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने भारत की संसद पर हमला किया था। आतंकियों की तैयारी सांसदों को बंधक बनाने की और उन्हें खत्म करने की थी। भारत ऐसी अनेकों आतंकी वारदातों से निपटते हुए आज यहां पहुंचा है। उन्होंने कहा कि आतंक दुनिया के लिए चुनौती है। ये दुनिया के किसी भी कोन में हो सकता है। इसे लेकर हमें सख्ती बरतने की जरूरत है। आतंकवादियों ने भारत में हजारों लोगों की जान ली है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद चाहे कहीं भी हो, किसी भी कारण से होता है, किसी भी रूप में हो लेकिन वह मानवता के विरुद्ध होता है। ऐसे में हमें आतंकवाद को लेकर सख्ती बरतने की जरूरत है।

## हमारे लिए लोकतंत्र अमूल्य विरासत: बिरला

वहीं, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि यह सम्मेलन लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण, अंतरराष्ट्रीय सहयोग व वैश्विक महत्व के मुद्दों और वर्तमान चुनौतियों का समाधान खोजने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। बिरला ने कहा, हमारे लिए लोकतंत्र एक अमूल्य विरासत है। यह हमारे विचारों, व्यवहार और परंपराओं में परिलक्षित होता है। जब हमें आजादी मिली, तो लोकतंत्र हमारे राष्ट्र का मूल आधार था।

### संयुक्त घोषणा पत्र मंजूर

बाद में जारी संयुक्त घोषणा पत्र में अंतरराष्ट्रीय शांति को बढ़ावा देने के लिए सभी सदस्य देशों ने प्रासंगिक मंचों पर संसदीय कूटनीति और बातचीत में शामिल होने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया है। घोषणापत्र में कहा गया कि पी-20 अध्यक्षता इस संयुक्त वक्तव्य को जी-20 अध्यक्षता को संप्रेषित करेगी, और जी-20 समुदाय में इसके व्यापक प्रसार को प्रोत्साहित करेगी। घोषणापत्र में ब्राजील की संसद को 10वें पी-20 के आयोजन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी जाती हैं। जी 20 देशों की अगली बैठक ब्राजील में होगी।

### पीएम मोदी को बांधी राखी

मैक्सिकन सीनेट की अध्यक्ष एना लिलिया रिवेरा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में पी20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ पर राखी बांधी। अधिकारियों ने कहा कि रिवेरा ने प्रधानमंत्री मोदी को 'राखी' बांधी और प्रधानमंत्री ने उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। मैक्सिको के साथ भारत के संबंध लगातार मैत्रीपूर्ण, गर्मजोशीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण रहे हैं।

### विधायकों की अयोग्यता का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी, जल्द फैसला करने का दिया निर्देश

**एजेंसी** | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनका समर्थन करने वाले विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर फैसले में देरी के लिए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को फटकार लगाई है। शीर्ष कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कहा कि यदि स्पीकर प्रक्रिया में तेजी लाने में विफल रहते हैं तो वह एक समयसीमा तय करेगा। कोर्ट ने इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष को दो महीने का समय दिया। मामले की सुनवाई को मंगलवार तक के लिए टाल दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार गुट की याचिकाओं पर सुनवाई की। याचिकाओं में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को कुछ विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही पर शीघ्र निर्णय लेने का निर्देश देने की मांग की गई है। सुनवाई में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ कहा कि ने विधानसभा अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं। स्पीकर को कम से कम अगले चुनाव से पहले विधायकों की अयोग्यता पर फैसला लेना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि किसी को महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर को सलाह देनी होगी कि वह कोर्ट के आदेश की अनदेखी न करें। वे ऐसे कोर्ट के निर्देश को खारिज नहीं कर सकते। कोर्ट ने कहा कि पिछली बार हमने सोचा था कि बेहतर सामंजस्य स्थापित होगा। शेड्यूल का विचार सुनवाई को अनिश्चित काल तक विलंबित करना नहीं होना चाहिए। स्पीकर को इस बात का आभास कराना चाहिए कि वह मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। जून के बाद से इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्हें कोई दिखावा नहीं करना चाहिए, जबकि सुनवाई होनी चाहिए।

## किसानों का सम्मान



*उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को नई दिल्ली में संसद भवन देखने आए हरियाणा के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया।*

### इजराइल से लौटे लोगों ने सुनाई आपबती

# कानों में अब भी गूंज रही है लोगों की चीख-पुकार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

घर लौटने की खुशी और बीते कुछ दिनों से आंखों के सामने से गुजरे डरावने मंजर से सहमे 200 से अधिक भारतीयों का पहला समूह एक चार्टर्ड विमान से शुक्रवार को तड़के इजराइल से यहां दिल्ली पहुंच गया। वापस लौटे कुछ भारतीयों के कान में अभी भी हवाई हमले से सतर्क करने वाले सायरन, रॉकेट दागने की आवाजें और चीख-पुकार गूंज रही है।

दक्षिणी इजराइल में शनिवार को सुबह हमास द्वारा अचानक किए गए ताबड़तोड़ हमलों से इजराइल दहल उठा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा था कि इजराइल में फिलहाल करीब 18 हजार भारतीय जबकि पश्चिम तट में करीब एक दर्जन और गाजा में तीन से चार भारतीय रह रहे हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने दिल्ली हवाई अड्डे पर यात्रियों का स्वागत किया। उन्होंने हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन किया और उनमें से कुछ लोगों से हाथ मिलाते हुए कहा 'वेलकम होम'। मंत्री ने कहा, इजराइल से वापस आये 212 छात्रों का स्वागत करते हुए मुझे आज खुशी और सम्मान महसूस हुआ और ये छात्र सामूहिक रूप से भारत सरकार द्वारा उनके बचाव के लिए अपनाये गये संवेदनशील तरीके के लिए बहुत आभारी थे।



### इजराइली अधिकारी दे रहे थे निर्देश

घर वापस आने वाले कई विद्यार्थियों ने शनिवार की उस डरावनी रात को याद किया और बताया कि हमास के हमलों के मद्देनजर कैसे उन्हें बार-बार अस्थायी शिविरों में भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा, हमने शनिवार को सायरन की आवाजें सुनीं। जब हमले होते थे, तब हम धमाकों की आवाज सुन सकते थे। इजराइली अधिकारी हमें एहतियात बरतने के दिशा-निर्देश दे रहे थे। लगातार हमले हो रहे थे। हम घर वापस आकर बहुत खुश हैं लेकिन वहां फंसे हमारे दोस्तों के लिए दुखी भी हैं।

### सुरक्षित निकालना सराहनीय कदम

इजराइल में 2019 से रह रहे शोधकर्ता शाश्वत सिंह अपनी पत्नी के साथ दिल्ली पहुंचे. उन्होंने बताया, हम हवाई हमले की सूचना देने वाले सायरन की आवाज सुनकर उठे। हम मध्य इजराइल में रहते हैं। मुझे नहीं पता कि यह संघर्ष क्या रूप लेगा। कृषि क्षेत्र में अनुसंधान कर रहे सिंह ने कहा कि उन सायरन की आवाज और बीते कुछ दिनों के भयावह अनुभव अभी भी उन्हें डरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीयों को सुरक्षित निकालना एक सराहनीय कदम है। हमें उम्मीद है कि शांति बहाल होगी और हम काम पर वापस लौटेंगे। भारत सरकार ईमेल के माध्यम से हमारे साथ संपर्क में थी। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजराइल में भारतीय दूतावास के आभारी हैं। पश्चिम बंगाल के निवासी और इजराइल के बीरशेबा में 'बेन-गुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ द नेगेव' में पीएचडी के प्रथम वर्ष के छात्र सुपर्नो घोष ने कहा, हम नहीं जानते थे कि आखिर हुआ क्या? शनिवार को कुछ रॉकेट दागे गए लेकिन हम अस्थायी शिविरों में सुरक्षित थे। अच्छी बात यह थी कि इजराइली सरकार ने हर जगह शिविर बनाए हुए थे, इसलिए हम सुरक्षित थे।

### तटरक्षक बल होगा और मजबूत

# बेड़े में शामिल होंगे 100 विमान व 200 जहाज

**एजेंसी** | कोलकाता

भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक (डीजी) राकेश पाल ने कहा कि देश की समुद्री सीमाएं और अभेद्य होंगी। इसके लिए तटरक्षक बल कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पहल कर रहा है।

2025 तक बल के बेड़े में करीब 100 विमान और 200 गश्ती जहाजों को जोड़ा जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने देश में 28 नए समुद्री बचाव समन्वय केंद्र बनाने की भी मंजूरी दी है। वे यहां आयोजित राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव बोर्ड (एनएमएसएआरबी) की 21वीं बैठक के इतर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की। एनएमएसएआर बोर्ड का गठन 2002 में हुआ था और तब से हर साल यह बैठक आयोजित की जाती है।

तटरक्षक डीजी ने इस दौरान सुरक्षित समुद्र सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, हम भविष्य की चुनौतियों को लेकर अत्यधिक सजग हैं और अत्याधुनिक तकनीकी के इस्तेमाल को बढ़ा रहे हैं। इसके लिए इसरो के के साथ भी कई नए प्रयोग कर रहे हैं।

## जवाहर कला केंद्र: नाटक 'भानगढ़ के भानु' ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया

# 400 साल की दुश्मनी भुलाकर भानु ने शत्रु को कर दिया माफ

**बेधड़क.जयपुर।** शाही परिवार से ताल्लुक रखने वाले भानु दादा की आत्मा 400 साल से भटक रही है। आत्मा अपने शत्रु वंश से बदला लेना चाहती है। भानु दादा योद्धा के साथ-साथ सुरीली आवाज के धनी भी थे। वे किसी का कुछ नहीं बिगाड़ते, लेकिन लोगों को उनकी हवेली के पास रात को आने में डर लगता है। इसी हवेली में उनका वंशज विक्रम सिंह रहता है, जिसकी शक्ल हूबहू भानु दादा से मिलती है। सिंह भी सरल स्वभाव व्यक्ति हैं, जो कर्ज के बोझ तले दबा है और हवेली बेचने की जद्दोजहद में उलझा है। चंदानी सेठ को हवेली बेचने के लिए वह शाही ठाट-बाट का ढोंग करता है और कहानी आगे बढ़ती है। कलाकारों ने भी इस कहानी को बड़े रोचक तरीके से अपने अंदाज में स्टेज पर शोकेस किया। मौका था जवाहर कला केन्द्र की ओर से अक्टूबर उमंग: लोक संस्कृति के संग थीम पर कला संसार मधुरम के तहत नाटक 'भानगढ़ का भानु' के मंचन का। विनोद सोनी द्वारा लिखित और निर्देशित नाटक में पात्रों ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया।





### स्टेज पर इन्होंने जीवंत किए किरदार

नाटक में राजेंद्र पायल, किरण राठौड़, संदीप लेले, विनोद सोनी, विपुल, प्रकाश दायमा, पल्लवी, सक्षम, लक्षकार ने विभिन्न किरदारों को जीवंत कर दिया।

### आधी रात को आते हैं भानु दादा

कहानी में आगे चंदानी अपने व्यावसायिक प्रतिद्वंदी होल्कर को नीचा दिखाने के लिए पुरानी हवेली खरीदना चाहता है। चंदानी और होल्कर दोनों को ही पुरानी हवेलियों का शौक है। परिवार संग हवेली में आया चंदानी सौदा तय कर लौट जाता है। आधी रात होती है और भानु दादा के आने का समय हो जाता है। इसी बीच गाड़ी खराब होने के चलते चंदानी परिवार फिर हवेली में आ पहुंचता है। उनकी मुलाकात भानु दादा से होती है। दो दिन का समय देकर चंदानी फिर लौट जाता है। दो दिन बाद होल्कर और चंदानी दोनों एक साथ हवेली में आ धमकते हैं। बाद में खुलासा होता है कि होल्कर उसी वंश से आता है जिससे भानु दादा बदला लेना चाहता है। सामने आने के बाद भी भानु दादा होल्कर को माफ कर देते हैं और हमेशा के लिए अनंत में लीन हो जाते हैं। इसके बाद भानगढ़ के भानु की हवेली का सौदा होता है।

## कलाकारों ने किया अवेयर



**बेधड़क. जयपुर।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार व राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली और राजस्थान शिक्षा विभाग के सहयोग से आजादी के अमृत महोत्सव में मेरी माटी, मेरा देश, अमृत कलश कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन किया गया। जयपुर की अभिनट्ट नाट्य संस्था द्वारा हुए नाटकों में कलाकारों ने कई संदेश दिए। निर्देशक राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से स्नातक ऋषिकेश शर्मा ने बताया कि नाटक में जयपुर के स्वतंत्रता सेनानी रामू सैनी के बारे में लोगों को जागृत किया गया। इस दौरान अभिषेक झांकल, महेश जिलोवा, अनुज भट्ट, साक्षी शर्मा, स्वर शर्मा, यशिका कंवर, कनिष्क, नितेश ने सहयोग किया।

## विद्वता से आत्मिक सम्मान

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय वाणिज्य संकाय में वरिष्ठ शिक्षक रहे प्रो. आरके दीक्षित के निधन पर विश्वविद्यालय परिवार ने श्रद्धांजलि दी। विशेष रूप से छात्रों में विशिष्ट विद्वता से आत्मिक सम्मान हासिल करने वाले प्रो. दीक्षित की अन्य विषयों के साथ विशेष रूप से वाणिज्य व आर्थिक विषयों में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान थी। दीक्षित को राजस्थान विश्वविध्यालय सहित राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग से जुड़ी विभिन्न विशिष्ट समितियों में भी वरिष्ठ सदस्य के रूप में शामिल कर उनका महत्वपूर्ण मार्गदर्शन लिया गया।

## मित्तल अध्यक्ष निर्वाचित



**बेधड़क. जयपुर।** श्री अग्रवाल सेवा समिति विद्याधर नगर के चुनावों में श्री अग्रसेन प्रगतिशील ग्रुप के नथमल मित्तल अध्यक्ष निर्वाचित हुए। ब्रह्म प्रकाश आर्य ने अवगत कराया कि अध्यक्ष नथमल मित्तल ने कार्यकारिणी का गठन किया। सलाहकार मंडल में राजेंद्र मोदी, लखन गोयल, रिद्धकरण परसरामपुरिया, अशोक जिंदल, महावीर प्रसाद शाह, शिव कुमार गोयल, समीर अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, नीतेश अग्रवाल व प्रेम गोयल आदि को शामिल किया गया।

# City इवेंट्स

## दीपेन्द्र और सूरज ने जीता गोल्ड



**बेधड़क. जयपुर।** नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जयपुर के दीपेन्द्र और सूरज ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। द मार्शल क्लब के दोनों खिलाड़ियों ने नोएडा में आयोजित इस ऑपन टूर्नामेंट में सीनियर कैटेगिरी में यह सफलता हासिल की है। इनके कोच अफसार अहमद ने बताया कि गोल्ड मेडलिस्ट को विधायक रफीक खान ने सम्मानित किया और भविष्य में भी मेडल हासिल करने के लिए प्रेरित किया है।

## खाटू दर्शन के लिए बस रवाना

**बेधड़क. जयपुर।** जयकारों के साथ खाटू भक्त दर्शन के लिए रवाना हुए। मौका था, सप्तम नि:शुल्क खाटू दर्शन बस सेवा का, जो न्यू सांगानेर रोड श्याम नगर मेट्रो स्टेशन के पास से रवाना हुई। हर महीने बस लेकर जाने वाले युवा मनीष ने बताया कि हर महीने नि:शुल्क बस सेवा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान महिलाएं, बच्चे और सीनियर सिटिजंस बाबा के दर्शन लाभ ले रहे हैं। साथ ही वहां भोजन प्रसाद का लुत्फ उठा रहे हैं। बस सेवा से स्थानीय जनप्रतिनिधि भी जुड़े हुए हैं और मंत्री प्रताप सिंह इसमें सहयोग कर रहे हैं।

## मोहनलाल शर्मा को पीएचडी उपाधि

**बेधड़क. जयपुर।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से मोहनलाल शर्मा को धर्मशास्त्र विषय 'स्मृतिसाहित्ये गार्हस्थ्यकर्मणां समीक्षात्मकम् अध्ययनम्' विषय पर डॉ. देवेन्द्र कुमार शर्मा सह आचार्य वेद एवं धर्मशास्त्र विभाग के निर्देशन में पूर्ण किए जाने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

## सिद्धचक्र महामंडल विधान कल से



**बेधड़क. जयपुर।** नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारकजी की नसियां में रविवार से 10 दिवसीय महाआयोजन 256 मंडलीय सिद्धचक्र महामंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन होगा। सिद्धचक्र महामंडल विधान पूजन का जैन धर्म में महत्वपूर्ण स्थान है, जो सिद्धों की आराधना करता है। शुक्रवार को आचार्य सौरभ सागर महाराज ने बताया कि जैन धर्म में अनेकों आचार्यों, मुनियों, आर्यिका माताजी के सानिध्य में हर वर्ष सिद्धचक्र विधानमंडल पूजन का आयोजन होता है। इस बार जयपुर में पहली बार 256 स्वतंत्र मंडलों को स्थापित कर यह पूजन कराया जाएगा। इन 256 मंडलों में सोधर्म इंद्र, कुबेर, यज्ञ नायक जैसे 26 प्रमुख इंद्र रहेंगे। इसके अतिरिक्त समाजजनों के लिए 230 मंडलों की स्थापना अलग से की जा रही है, जिसमें हर परिवार अपने स्वतंत्र मंडल पर परिवारजनों सहित सिद्धचक्र विधान पूजन में भाग लेंगे।

## पूर्व खिलाड़ियों का किया सम्मान

# राष्ट्रीय गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता में गोवा-आंध्र प्रदेश फाइनल में



**बेधड़क | जयपुर**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के तत्वाधान में राजस्थान फुटबॉल संघ की ओर से रॉयल फुटबॉल क्लब मैदान पर जारी राष्ट्रीय गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता में दो सेमीफाइनल मुकाबले हुए।

सुबह खेले गए पहले मैच में गोवा का सामना असम से था, जिसमें गोवा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए असम को 3-0 से हराया। गोवा की तरफ से तीनों गोल पर्ल फर्नांडिस ने किए और प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गई। शाम को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में आंध्रप्रदेश और उत्तरप्रदेश की टीम आमने-सामने थी, जिसमें आंध्रप्रदेश ने यूपी को 2-0 से हराया। आंध्रप्रदेश की तरफ से दोनों गोल अरुणा ने किए। प्लेयर ऑफ द मैच आंध्रप्रदेश की दस नंबर जर्सी खिलाड़ी नंदनी को दिया गया।

राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने अतिथियों को सम्मानित किया। दूसरी ओर मैच की मुख्य अतिथि पूर्व नेशनल प्लेयर अल्का बत्रा थीं। हिन्दुस्थान जिंक के पूर्व खेलाधिकारी राधेश्याम, आंध्रप्रदेश फुटबॉल संघ अध्यक्ष कोटागिरी श्रीधर, झुंझुनूं डीएफए अध्यक्ष पवन शर्मा आदि गेस्ट के रूप में मौजूद रहे। हर मैच की भांति पूर्व खिलाड़ियों का सम्मान किया गया, जिसमें आरएसी पूर्व खिलाड़ी धीरेंद्र और राम बाबू को सम्मानित किया गया। रेफरी बोर्ड चेयरमैन महेंद्र बिजारनिया ने बताया कि रविवार को फाइनल मुकाबला दोपहर तीन बजे खेला जाएगा।

## राजस्थान चैप्टर का डायबिटीज सेशन

# हाइपोग्लाइसीमिया अनअवेयरनेस पर विशेषज्ञों की केस बेस्ड चर्चा

**बेधड़क | जयपुर**



रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (आरएसएसडीआई) राजस्थान चैप्टर की ओर से 'केस बेस्ड डिस्कशन इन डायबिटीज' सीरीज के 5वें सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोसायटी अध्यक्ष व कोटा के सीनियर फिजिशियन डॉ. गिरीश माथुर ने बताया कि इस बार की सीएमई का थीम हाइपोग्लाइसीमिया अनअवेयरनेस के बारे में फिजिशियन्स व रेसिडेंट्स चिकित्सकों को अपडेट करना रही। सोसाइटी सेक्रेटरी डॉ. जीडी रामचंदानी और प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. प्रकाश केसवानी ने बताया कि सीएमई में हाइपोग्लाइसीमिया अनअवेयरनेस विषय पर विस्तृत केस बेस्ड चर्चा की गई।

इस दौरान अजमेर से प्रोफेसर डॉ. अनिल सामरिया ने केस मॉडरेटर, बीकानेर से फिजिशियन डॉ. सुरेंद्र वर्मा, जयपुर के इंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. संजय सारण व फिजिशियन डॉ. पुनीत रिझवानी ने पैनलिस्ट के रूप में भाग लिया। डॉ. केसवानी ने बताया कि यह ऐसी कंडिशन है, जिसमें डायबिटिक की ब्लड शुगर लेवल कम हो जाती है और इसके कोई भी लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। वहीं, डॉ. अनिल सामरिया ने बताया कि एक साधारण डायबिटिक इंसान को जब भी ब्लड शुगर लेवल कम होता है तब पसीना आना, धड़कन तेज होना, हाथ-पांव कपकपाना, बेचैनी होना होता है। यह सब हायपोग्लायसेमिया अनअवेयरनेस वाले मरीज में नहीं होता है, जो कि घातक सिद्ध हो सकता है। मुख्य अतिथि एपीआई व राजस्थान आरएसएसडीआई पूर्व अध्यक्ष सीनियर फिजिशियन डॉ. केके पारीक थे।

**रवींद्र मंच** हीरक जयंती समारोह के तहत नाटक 'गऊ रो दान' का मंचन

# किसान और साहूकार के बीच का संघर्ष कर गया भावुक

**बेधड़क | जयपुर**

रवींद्र मंच जयपुर के 60 वर्ष पूरे होने पर हीरक जयंती समारोह के तहत नाटक 'गऊ रो दान' का मंचन किया गया। मुंशी प्रेमचंद की मूल कृति के रूपांतरित इस नाटक में किसान और साहूकार के बीच संघर्ष की कहानी दिखाई गई है। कहानी भारतीय समुदाय के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई पात्रों के इर्द-गिर्द घूमती है। ग्रामीण किसानों का प्रतिनिधित्व करने वाले होरी महतो के परिवार में उनकी पत्नी धनिया, बेटियां रूपा और सोना, बेटा गोबर और बहू झुनियां शामिल है। इसकी शुरुआत होरी की गाय रखने की आकांक्षा से होती है, जो गरीबों के लिए आशा का प्रतीक है। होरी का धोखा पारिवारिक कलह को जन्म देता है। ईर्ष्या के कारण पुलिस के डर से उसके छोटे भाई ने गाय को जहर दे दिया। होरी अपने भाई का नाम साफ करने के लिए कर्ज लेता है। गोबर झुनिया के साथ भाग जाता है, जिससे मामला और उलझ जाता है। होरी की अटूट सत्यनिष्ठा के कारण उसे जुर्माना और 200 रुपए का कर्ज देना पड़ा और कहानी कई रोचक मोड़ लेते हुए आगे बढ़ी।

### होरी की मृत्यु से आया मोड़

200 रुपए के भुगतान करने और अपने पोते को दूध पिलाने के लिए एक गाय रखने के दृढ़ संकल्प के कारण अत्यधिक काम के कारण होरी की मृत्यु हो गई। जब वह मरने वाला था तो उसकी पत्नी धनिया ने अपने पैसे सवा रुपए निकाल लिए और होरी को गऊ रो दान के नाम पर पुजारी को भुगतान करने को कहा। उनका कड़वा-मीठा अंत विपरीत परिस्थितियों में उनकी दृढ़ता को दर्शाता है।





### इन्होंने मंच किया साकार

नाटक में दीपक सैनी, प्रीतम सिंह, राकेश चौधरी, दक्ष शर्मा, प्रवीण, रोशिक परिहार, आकाश शर्मा, सुधांशु शुक्ला, दिव्यांश शिवनानी, संकेत शर्मा, अक्षय मीना, ऋषि शर्मा, विवेक जाखड़, चिराग, भव्या, पलक, खुशबू बंसदानी, शिखा सक्सेना, गरिमा सिंह राजावत, सरताज नारायण माथुर, अमित चौधरी, हितेश खत्री, असलम पठान, सावन जांगिड़, अभिषेक मुदगल, कशिश भाटिया, अक्षय मीना अमित चौधरी, सावन जांगिड़ ने अभिनय किया।



अपने लक्ष्य और उद्देश्यों को महान रखें, चाहे इनके लिए कांटों भरी डगर पर ही क्यों न चलना पड़े !

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## इजराइल का हमला: गाजा की फिजाओं में घोल रहा 'सफेद जहर'



*तेल अवीव। इजराइल-हमास की लड़ाई में फिलिस्तीन की शिकायत है कि इजराइल गाजा पर हमला करने के लिए 'सफेद फॉस्फोरस बम' का इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे बमों के इस्तेमाल पर कई साल पहले ही प्रतिबंध लगा दिया गया था। यह रसायन ऑक्सीजन के संपर्क में आते ही आग पकड़ लेता है। वह आग पानी से भी नहीं बुझती और लगातार फैलती जाती है। इतना ही नहीं, इससे ऑक्सीजन का स्तर भी तेजी से गिरने लगता है। परिणामस्वरूप, जहां ऐसे केमिकल बम गिराए जाते हैं, वहां आग लगने के अलावा हवा में ऑक्सीजन भी तेजी से खत्म हो जाती है। नतीजतन, जो व्यक्ति इस खतरनाक आग से बच जाता है उसकी मौत ऑक्सीजन की कमी के कारण हो जाती है।*

## अमेरिका की कूटनीति: इजराइल को दिए हथियार

# फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से मिले ब्लिंकन



**एजेंसी** | तेल अवीव

गाजा पर जमीनी कार्रवाई के लिए तैयार इजराइली सेना को हथियार देने के बाद अमेरिका के विदेश मंत्री ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच ये अहम बैठक इजराइल के पड़ोसी देश जॉर्डन में हुई।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को जॉर्डन के अम्मान में फिलिस्तीनी अथॉरिटी के प्रमुख महमूद अब्बास से मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय हुई है जब इजराइल-हमास संघर्ष सातवें दिन में प्रवेश कर गया है। इजराइल ने अपनी धरती पर हमास के आतंकी गुर्गों द्वारा किए गए आतंकी हमलों का खौफनाक जवाब दिया है। पूरा गाजा जमींदोज होने के कगार पर है।

इजराइल में हुए हमले में लगभग 1300 लोग मारे गए और कई घायल हो गए। फिलिस्तीनी अथॉरिटी प्रमुख महमूद अब्बास फतह पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह पार्टी हमास की धुर विरोधी है। ब्लिंकन से मुलाकात से एक दिन पहले महमूद अब्बास ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला से भी मुलाकात की थी।

### बैठक के बाद युद्ध रोकने की अपील

ब्लिंकन-अब्बास की बैठक के बाद फिलिस्तीनी अधिकारी ने युद्ध रोकने की अपील की है। अब्बास की ओर से फिलिस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ) की कार्यकारी समिति के महासचिव ने एक बयान जारी कर कहा, "हम फिलिस्तीन मुक्ति संगठन की नीति को फिर से दोहराना चाहते हैं। फिलिस्तीन मुक्ति संगठन ही फिलिस्तीनी लोगों का एकमात्र वैध प्रतिनिधि है। यह संगठन हिंसा को अस्वीकार करता है और स्वाधीनता व आजादी के हमारे राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के मार्ग के रूप में अंतरराष्ट्रीय वैधता, शांतिपूर्ण लोकप्रिय प्रतिरोध और राजनीतिक कार्रवाई का पालन करता है।"

### मानवीय गलियारे खोलने का आग्रह

इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला से भी मुलाकात की है। अपनी बैठक में किंग अब्दुल्ला ने गाजा के लिए एक मानवीय गलियारा खोलने का आग्रह किया। रॉयल हशमाइट कोर्ट के एक बयान में कहा, "महामहिम राजा अब्दुल्ला द्वितीय, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की अगवानी करते हुए, गाजा को चिकित्सा और राहत सहायता के लिए तत्काल मानवीय गलियारे खोलने का आग्रह करते हैं, नागरिकों की रक्षा करने, तनाव कम करने और गाजा पर युद्ध समाप्त करने का आह्वान करते हैं।"

## चीन से दोस्ती पड़ी नेपाल को भारी

# कबाड़ हो रहे हैं विमान

**एजेंसी** | काठमांडू

चीन के साथ रिश्ते बढ़ा रहे नेपाल को ड्रैगन ने अरबों रुपए का चूना लगाया है। नेपाल एयरलाइंस अपने चीन से खरीदे प्लेन को बेचने जा रही है। इन विमानों को नेपाल ने चीन से 6.66 अरब नेपाली रुपए या 5 करोड़ डॉलर में खरीदा था। ये सभी चीनी यात्री विमान 'कबाड़' निकले और अब उनको रखना भी नेपाली एयरलाइंस के लिए भारी पड़ रहा है।

नेपाल ने साल 2014 से 2018 के बीच में 6 विमानों को खरीदा था, जिसमें से एक दुर्घटना का शिकार हो गया। ये विमान उड़ने की बजाय तब से एयरपोर्ट पर खड़े हैं और उनको रखने का भी पैसा देना पड़ रहा है। इन चीनी विमानों में दो 56 सीट वाले एमए 60 और 17 सीटों वाले वाई12इ विमान शामिल हैं। नेपाली एयरलाइंस ने बताया कि इन विमानों को उड़ाने के लिए पायलट नहीं मिल रहे हैं और क्रैश होने की घटना के बाद अब एयरलाइन इनसे जल्द से जल्द मुक्ति चाहती है। ये चीनी विमान पिछले 3 साल से खड़े हैं और नेपाल एयरलाइंस के लिए मुसीबत बन गए हैं।




### मात्र 22 करोड़ नेपाली रुपए कीमत!

काठमांडू मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल की सरकारी एयरलाइंस अब मात्र 22 करोड़ नेपाली रुपए में ही इन चीनी विमानों से मुक्ति चाहती है। इस दाम को एक स्वतंत्र संस्था ने तय किया है। यही नहीं, इन विमानों के मूल्य की जांच के लिए भी नेपाली एयरलाइंस को 20 हजार डॉलर चुकाने पड़े हैं। एक अधिकारी ने कहा कि यह कबाड़ के बराबर कीमत है। इससे पहले नेपाल एयरलाइंस ने इन विमानों को लीज पर देने की कोशिश की थी, लेकिन उसकी योजना सफल नहीं हो सकी है।

### बोर्ड नहीं हो रहा सहमत

नेपाल एयरलाइंस का बोर्ड इतने महंगे प्लेन को इतने कम दाम में बेचने के लिए सहमत नहीं है। एक अधिकारी ने कहा, 'हर कोई दुविधा में है। नेपाल एयरलाइंस का बोर्ड इतने कम कीमत में इन विमानों को बेचने पर सहमत नहीं है।' वहीं नेपाल एयरलाइंस ने जोर देकर कहा है कि ये चीनी विमान उड़ने लायक नहीं हैं। उसने कहा है कि इन चीनी विमानों को बेचना ही अब एकमात्र विकल्प बचा हुआ है। इन विमानों को तभी बेचा जा सकता है जब नेपाल एयरलाइंस का बोर्ड मंजूरी दे। इस तरह से अब नेपाल के लिए चीनी विमान जी का जंजाल बन गए हैं।

## यहूदियों पर आतंकी हमले की आशंका

# लंदन स्थित एक यहूदी स्कूल किया बंद

**एजेंसी** | लंदन

लंदन में कई यहूदी स्कूलों ने अभिभावकों को सूचित किया है कि यहूदी समुदाय की सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से अतिरिक्त सहायता की घोषणा के बाद सुरक्षा के कारण ये स्कूल शुक्रवार को बंद रहेंगे। उत्तरी लंदन के बार्नेट क्षेत्र में स्थित मेनोरा हाई स्कूल, टोरा वोडास प्राइमरी स्कूल और एटेरेस बीस याकोव ने बृहस्पतिवार को अभिभावकों को पत्र भेजा। ऐसा माना जाता है कि चौथा स्कूल भी बंद रहेगा क्योंकि उन लोगों को परिसर के आसपास इजराइल विरोधी प्रदर्शन होने का डर है। टोरा वोडास के पत्र में कहा गया है कि 'हमारे स्कूल के लिए कोई विशेष खतरा नहीं है' लेकिन यह 'ऐसा निर्णय नहीं है जिसे हल्के में लिया गया है।' परमार्थ संगठन कम्युनिटी सिक्योरिटी ट्रस्ट (सीएसटी) के प्रवक्ता ने बताया, 'यहूदी स्कूलों को सीएसटी की सलाह है कि यहूदी जीवन चलते रहना चाहिए और स्कूल सामान्य रूप से खुले रहने चाहिए।'



## शरीफ ने सऊदी अरब में उमरा किया

**दुबई।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने सऊदी अरब में उमरा किया है। वे 'स्व निर्वासन' को खत्म कर 21 को पाक वापसी से पहले शीर्ष सऊदी नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। पीएमएल-एन के अध्यक्ष बुधवार को लंदन से रवाना हुए और रियाद तथा दुबई के रास्ते पाकिस्तान पहुचेंगे। शरीफ (73) ने गुरुवार को मक्का में उमरा किया। उनके साथ बेटे हुसैन शरीफ और अन्य करीबी लोग थे।

## चार्ल्स के नाम पर जारी होंगे नए सिक्के

# दिखेंगी प्रकृति से जुड़ी तस्वीरें

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय के नाम से जारी होने वाले नए सिक्कों में प्रकृति के प्रति उनका अनुराग प्रतिबिंबित होगा, जिसके तहत इन पर उनके कुछ प्रिय जानवरों और पौधों की तस्वीरें होंगी। ब्रिटेन के 'रॉयल मिंट' ने गुरुवार को सिक्कों के नए डिजाइन का अनावरण किया। इनमें आठ सिक्कों के डिजाइन में बदलाव किया गया है, जो 2008 में उनकी मां महारानी दिवंगत एलिजाबेथ द्वितीय के शासनकाल में जारी किए गए थे। सिक्कों का नया डिजाइन ब्रिटेन में पाई जाने वाली वनस्पतियों और जीवों से प्रेरित है। रॉयल मिंट की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऐनी जेसोप ने कहा, "यह एक दुर्लभ और ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि नए महाराजा के सिंहासन पर आसीन होने के मौके पर ब्रिटेन के सिक्कों का रूप बदल दिया जाता है।"

उन्होंने कहा, "महामहिम (चार्ल्स) ने ये आकर्षक डिजाइन देखे हैं और ये संरक्षण व प्राकृतिक दुनिया के साथ-साथ ब्रिटिश शिल्प कौशल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।"


## बाल-बाल बचे अंतरिक्ष यात्री

# अंतरिक्ष स्टेशन में हुआ अमोनिया लीक

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। इसमें रूसी मॉड्यूल से एक कूलेंट लीक हो रहा था। हालांकि दो दिन के बाद बुधवार को यह लीक बंद हो गया।

नासा अधिकारियों ने कहा कि सोमवार को यह अमोनिया रिसाव शुरू हुआ था। यद्यपि इसके कारण अंतरिक्ष यात्रियों पर खतरा नहीं था। फिर भी स्पेस एजेंसी ने 12 और 20 अक्टूबर को पहले से निर्धारित दो स्पेसवॉक स्थगित कर दिए हैं। नासा के इंजीनियर इस लीक के बाद स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। अमोनिया खतरनाक और जहरीला है, ऐसे में अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेसवॉक के दौरान सावधानी बरतनी होगी। ISS पर मौजूद अंतरिक्ष यात्री जैस्मीन मोघबेली ने इस रिसाव की पुष्टि की।



### कूलिंग करती है अमोनिया

स्पेस स्टेशन के सिस्टम अत्यधिक गर्मी पैदा करते हैं। नासा के मुताबिक ISS को ठंडा करने के लिए अमोनिया की आवश्यकता होती है। ठंडी प्लेटों के जरिए ऊष्मा को हीट एक्सचेंज के जरिए हटाया जाता है। इसके लिए इन प्लेटों में लगातार बह रहे अमोनिया की जरूरत होती है, जो ठंडे होते हैं। पिछले कुछ महीनों में यह ISS पर रूसी मॉड्यूल में हुआ एक नया लीक है। हालांकि एक्सपर्ट्स मानते हैं कि यह सिस्टमैटिक समस्या है, जिसके कारण ऐसा हो रहा है।

### ISS संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा

नासा के अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि बैकअप रेडिएटर रिसाव का चालक दल या अंतरिक्ष स्टेशन के संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। रूसी मॉड्यूल के लिए प्राथमिक रेडिएटर ने सामान्य रूप से काम करना जारी रखा। रूसी स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस ने भी इस लीक की पुष्टि की है। उन्होंने यह भी कहा कि तापमान सामान्य है और इसके संचालन और इस्तेमाल में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जिस बैकअप रेडिएटर में लीक की समस्या आई है वह एक अलग रूसी मॉड्यूल के लिए था।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl